वर्ष- 22 अंक - 71 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, रविवार 23 अगस्त 2026

# भूकंप से दहला जापान 2 दर्जन लोग घायल

**टोक्यो.एजेंसी।** जापान में आज तड़के भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। राजधानी टोक्यो समेत पूर्वी जापान के कई इलाकों में आए इस भूकंप की प्रारंभिक तीव्रता 5.9 मापी गई है। भूकंप के कारण 2 दर्जन लोग घायल हुए हैं, हालांकि इनमें से ज्यादातर को मामूली चोटें आई हैं। भूकंप के बाद सुनामी का कोई खतरा नहीं बताया गया है। ज्यादातर लोगों को उस समय चोट लगी, जब वे सो रहे थे और अचानक आए भूकंप के झटकों से घबराकर उठ गए। कुछ लोग हड़बड़ी में बिस्तर से उठते समय गिर गए, जबकि कुछ फर्नीचर या दरवाजों से टकराकर घायल हुए।

# जहाज डूबा, 22 लापता



## इंडियन कोस्ट गार्ड-नेवी ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया

**भुवनेश्वर.एजेंसी।** ओडिशा के पारादीप तट से करीब 240 समुद्री मील दूर बंगाल की खाड़ी में एमवी ऑशन विनर नाम का एक मालवाहक जहाज डूब गया।

पनामा के झंडे वाले इस जहाज पर 24 क्रू सदस्य सवार थे। दो को बचा लिया गया है, बाकी की तलाश जारी है। क्रू में 20 चीन के, 3 म्यांमार और एक बांग्लादेश से है। जहाज ओडिशा से लौह अयस्क लेकर सिंगापुर जा रहा था। इंडियन कोस्ट गार्ड और इंडियन नेवी ने क्रू सदस्यों की तलाश और बचाव अभियान शुरू कर दिया। आसपास मौजूद दूसरे जहाजों को भी अलर्ट किया गया है और रेस्क्यू में मदद करने को कहा गया है।

## सावन के महीने में हुई बर्फबारी

**चमोली.एजेंसी।** उत्तराखंड के पहाड़ों में सीजन की पहली बर्फबारी शुरू हो गई है। चमोली जिले में स्थित जोशीमठ नगर के सामने की चोटियों पर बर्फबारी हो रही है। हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी के आसपास की चोटियो पर बर्फबारी हो रही है। वहीं बारिश के कारण निचले इलाकों में बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।



## गणेश प्रतिमा गिरी 2 की मौत, 5 घायल

**मुंबई.एजेंसी।** मुंबई में बायकुला से भुलेश्वर लाई जा रही 22 फीट ऊंची गणेश प्रतिमा पंडाल से करीब 50 मीटर पहले गिर गई। हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई, पांच लोग घायल हैं। मृतकों में 2 पुरुष जबकि घायलों में 2 बच्चे हैं।

## इमरान खान को जेल में किया जा रहा टॉर्चर

**इस्लामाबाद.एजेंसी।** इमरान खान की बहन उज्मा ने बताया कि इमरान खान को जेल में बुरी तरह टॉर्चर किया जा रहा है। उनके साथ अन्याय हुआ है। पिछले दस महीनों से उनके पास रीडिंग मटेरियल या टीवी तक नहीं दिया गया है।

## उप्र में बनेगा मायावती का मंदिर

**अलीगढ़.एजेंसी।** अलीगढ़ के थाना बन्ना देवी क्षेत्र के रहने वाले भ्रष्टाचार विरोधी सेना के अध्यक्ष पंडित केशव देव गौतम ने उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बहन कुमारी मायावती की अपनी निजी जमीन पर उनकी प्रतिमा को मंदिर में लगाने व मंदिर का निर्माण हेतु अनुमति एवं आशीर्वाद हेतु एक प्रार्थना पत्र मायावती को भेजा गया है।

# हिन्दू देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी से बवाल, मौलाना गिरफ्तार

**जामताड़ा ● एजेंसी**

झारखंड में जामताड़ा करमाटांड़ थाना क्षेत्र के थंडारडीह गांव में धार्मिक टिप्पणी को लेकर तनाव की स्थिति पैदा हो गई। आरोप है कि सोशल मीडिया पर पहले हिंदू देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी की गई। इसके बाद मुस्लिम धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। इसके बाद बड़ी संख्या में मुस्लिम गांव पहुंच गए इस पूरे विवाद की पृष्ठभूमि में कुरुवा इलाके में मौलाना अफरोज पर हिंदू देवी-देवताओं के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप भी बताया जा रहा है। इस मामले में पुलिस ने शिकायत और वीडियो फुटेज के आधार पर कार्रवाई करते हुए अफरोज को गिरफ्तार कर लिया था।

## कॉकरोच दिपके पर एफआईआर

**लातूर.एजेंसी।** कॉकरोच जनता पार्टी के प्रमुख अभिजीत दिपके के खिलाफ महाराष्ट्र के लातूर में एफआईआर दर्ज की गई है। उन पर लातूर के औसा इलाके के जावली स्थित जिला परिषद उर्दू स्कूल में कथित तौर पर बिना अनुमति पहुंचकर छात्रों से बातचीत और सवाल-जवाब करने का आरोप है। शिकायत के आधार पर औसा पुलिस स्टेशन में अभिजीत दिपके और उनके साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। अगर यह मामला आगे बढ़ा तो अभिजीत दिपके को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा जा सकता है।




# भारी बारिश से सड़क बही, पुल डूबा

## 3 लोग और डंपर भी बहा

**सीधी.एजेंसी।** मध्य प्रदेश में लगातार बारिश के चलते कई इलाकों में हालात बिगड़ गए हैं। सीधी में 104 करोड़ लागत से 6 महीने पहले बनी सड़क का बड़ा हिस्सा बारिश में बह गया। नरसिंहपुर में रेतघाट पुल पानी में डूब गया है। सतना में बाइक समेत तीन लोग नाले में बह गए, इनमें दो लोग बच गए तीसरा लापता है। पन्ना में उफनती नदी में एक डंपर बह गया। उधर उत्तरप्रदेश के 19 जिलों में बाढ़ के हालात बने हुए हैं।

## सरकारी अस्पताल में जन्मे बच्चों को मिलेगी सोने की अंगूठी

**चेन्नई.एजेंसी।** तमिलनाडु की विजय सरकार 15 सितंबर से सरकारी अस्पतालों में जन्मे बच्चों को एक ग्राम की 22 कैरेट सोने की अंगूठी देगी। सरकार ने जून से सितंबर तक के लाभार्थियों के लिए 1,28,499 अंगूठियों का वर्क ऑर्डर जारी किया है। इनका कुल वजन करीब 128.5 किलो और अनुमानित लागत करीब 220 करोड़ रुपए है। 22 जून 2026 के बाद सरकारी अस्पतालों में जन्मे बच्चे इस योजना के पात्र होंगे।

# पुलिस जवानों को लाठी-डंडों-घूंसों से पीटा मिर्ची पाउडर भी फेंका

**नई दिल्ली.एजेंसी।** दिल्ली में आउटर नॉर्थ जिले के भलस्वा डेयरी इलाके में ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों पर हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि मोटरसाइकिल को दस्तावेज नहीं होने के कारण पुलिस द्वारा जब्त किए जाने से नाराज कुछ लोगों ने पुलिसकर्मियों की आंखों में मिर्ची पाउडर फेंका और ईंट-पत्थर व लाठी-डंडों और घूंसों से हमला किया। पुलिस ने मौके से 17 साल के एक किशोर को पकड़ लिया है, जबकि अन्य आरोपी फरार हैं।

# इंदौर के सारांश जैन का हुआ टीम इंडिया में टेस्ट डेब्यू

**रविवार.एजेंसी।** आज कोलंबो में भारत-श्रीलंका के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला हो रहा है। भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी कर रही है। खास बात यह है कि इस टेस्ट मैच में इंदौर के ऑफ स्पिनर सारांश जैन अपना डेब्यू कर रहे हैं। सारांश को टीम इंडिया के दिग्गज ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने टेस्ट कैप दिया। सारांश टीम में कुलदीप यादव की जगह लेंगे। कुलदीप यादव गॉल टेस्ट में प्लेइंग इलेवन का हिस्सा थे, लेकिन वह गेंदबाजी में पूरी तरह से फेल रहे, जिसके कारण टीम इंडिया में बदलाव करना पड़ा। सारांश जैन का पिछला घरेलू सीजन शानदार रहा था। मध्य प्रदेश के इस स्पिन ऑलराउंडर ने बैटिंग और बॉलिंग दोनों में दमदार प्रदर्शन किया था। यही कारण है कि उन्हें भारतीय टेस्ट टीम में मौका मिला है। पिछले रणजी ट्रॉफी सीजन की बात करें तो सारांश ने मध्य प्रदेश के लिए 518 रन बनाने के साथ-साथ 30 विकेट भी अपने नाम किए थे।

# ऑपरेशन सिंदूर में तबाह हुआ जैश का ठिकाना फिर सजा

**रविवार.एजेंसी।** आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने ऑपरेशन सिंदूर में ध्वस्त हुए मरकज सुभानल्लाह के सेंट्रल हॉल को एक बार फिर से पुनर्निर्मित कर किया है। मौके से आई तस्वीर में साफ-साफ दिखाई दे रहा है कि किस तरह से ना सिर्फ मस्जिद के बाहरी सतह पर मौजूद गुंबद पूरी तरह से भर चुके हैं, बल्कि बीटरी परिसर का भी पुनर्निर्माण करके उस पर सेंट्रल हॉल की दीवारो पर प्लास्टर, रंगाई पुताई और मार्बल का काम पूरा हो गया है। पाकिस्तान की सरकार ने किश्तों में जैश ए मोहम्मद को 25 करोड़ रुपये ऑपरेशन सिंदूर के बाद दिए थे, जिसमे सेंट्रल हॉल के रिपेयर में जैश ए मोहम्मद ने कुल 11 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।



# कांग्रेस के कई बड़े नेता भी शिविर में पहुंचे

## एआई से लेकर राम मंदिर चंदा चोरी तक की भी हुई चर्चा

### शाम के दाल-बाफला पर स्थानीय नेताओं ने भी की पेटपूजा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर और जिला कांग्रेस का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर कल देर शाम समाप्त हो गया। कल सुबह से प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ जिसमें कांग्रेसियों को प्रशिक्षित किया गया। दोपहर बाद से कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के उद्बोधन हुए, जिनमें हरीश चौधरी, जीतू पटवारी, विवेक तन्खा, श्याम नायडू प्रमुख है। वहीं अभय दुबे, मेजर ने भी संबंधित सत्र में कांग्रेसियों को प्रशिक्षित करने के लिए उद्बोधन दिया। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश




चौधरी का उद्बोधन काफी लम्बा था उस दौरान कई कांग्रेसियों की आंखें बंद नजर आई। एआई से लेकर राम मंदिर के चंदा चोरी के बारे में भी कांग्रेसियों को बताया गया, जिससे वे आगे रणनीति बनाकर एआई का उपयोग करें, आम जनता को राम मंदिर के चंदा चोरी की जानकारी दें। प्रशिक्षण देने वाले महेन्द्र जोशी का सम्मान किया गया। कल दोपहर का भोजन प्रशिक्षणार्थियों के लिए था, लेकिन कल शाम का दाल-बाफला का भोज प्रशिक्षणार्थियों के अलावा कुछ और कांग्रेसियों के लिए भी किया गया था। कुछ बड़े नेता भी बाहर से आए थे वे भी मौजूद रहे। इस दौरान विजयलक्ष्मी साधौ, नर्मदाप्रसाद प्रजापति, चिंटू चौकसे, विपिन वानखेडे, सत्यनारायण पटेल, राधेश्याम पटेल, सदाशिव यादव, मोतीसिंह पटेल, सोनिला मिमरोट, दिनेश मल्हार, शैलेष गर्ग, दीपू यादव, दौलत पटेल, संजय बाकलीवाल, इम्तियाज बेलिम, अनवर दस्तक, रफीक खान, सादिक खान एवं कई पार्षद भी पहुंच गए।

## स्लीपर सेलवाला कभी भी कांग्रेस से बाहर जा सकता है -पटवारी

**जासूसों को कुछ नहीं मिला-** इन दिनों कांग्रेस के गांधी भवन में जासूसी छाई हुई है, कांग्रेसी भी जासूस ढूंढ रहे हैं। कांग्रेसी सूत्रों का मानना है कि इन जासूसों को भाजपा को देने के लिए ऐसा कुछ मुद्दा नहीं मिला क्योंकि भाजपा से जुड़े कुछ लोग चाहते थे कि मुद्दा मिले और उसे मीडिया व सोशल मीडिया की सुर्खिया बना सके। उन जासूसों ने अपने साथियों को फोन भी लगाया था। कुछ हो तो बता दो। इधर इसी मुद्दे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी स्लीपर ने सेलवाला मुद्दा भी उठाया, यह मुद्दा राहुल गांधी भी उठा चुके हैं, पटवारी ने कहा कि स्लीपर सेलवाला कभी भी कांग्रेस से बाहर जा सकता है, यानि जासूस या भाजपा से मिला हुआ कांग्रेसी। कल शाम दाल-बाफला भोजन के समय भी कांग्रेसी पहुंचे थे और उन्होंने यहां पेटपूजा की।

# भाजपाई पहुंचे खजराना गणेश मंदिर





### किया पूजन, कराया भोजन, रोपे पौधे

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधायक महेन्द्र हार्डिया के जन्मदिन पर गौरव हार्डिया, दीपिका हार्डिया की मौजूदगी में भाजपाई खजराना गणेश मंदिर पहुंचे। बप्पा के दर्शन, पूजन कर विधायक महेन्द्र हार्डिया की लम्बी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की गई। मंदिर के अन्न शाला में भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया, यहां पौधारोपण भी हुआ। विधायक इंदौर से बाहर थे इसलिए परिजन मौजूद रहे। सुमित मिश्रा, राजेश उदावत, वासुदेव पाटीदार, पुष्पेन्द्र पाटीदार, राजीव जैन, मलखान कटारिया, महेश बसवाल, राकेश गोयल, दीपक राजोरिया, जसराज शर्मा, भगवती उपाध्याय, नेहा शर्मा, मुद्रा शास्त्री, दिनेश सोनगरा, नितेश जैन सहित अन्य मौजूद थे।



### मंगलमूर्ति गार्डन में पौधारोपण

मंगलमूर्ति रहवासी संघ के श्रवण वर्मा ने बताया कि विधायक महेन्द्र हार्डिया के जन्मदिन पर मंगलमूर्ति नगर गार्डन में पौधारोपण किया गया। श्रवण वर्मा, बंसीलाल पुरोहित, रश्मि गोविल, आशीष पाटीदार, पूजा खंडेलवाल, जयदीप मांजरेकर सहित अन्य मौजूद थे।



### एमआईसी सदस्य ने दी बच्चों को खेल सामग्री

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधायक महेन्द्र हार्डिया के जन्मदिन अवसर पर एमआईसी सदस्य नन्दकिशोर पहाड़िया ने गोमा की फेल स्थित शासकीय स्कूल के विद्यार्थियों के लिए खेल सामग्री भेंट की। स्कूल में केक काटा गया और जन्मदिन मनाया गया। तुम जियो हजारों साल गीत भी गाया गया।

### शिविर में गर्ग का सम्मान



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर कांग्रेस के कोषाध्यक्ष शैलेष गर्ग का प्रदेश कांग्रेस की सहप्रभारी उषा नायडू ने सम्मान किया। कांग्रेस के सेवाकार्य पर यह सम्मान किया गया।

# कल कांग्रेस की दो महत्वपूर्ण बैठक

### पहली समन्वय समिति की तो दूसरी पदाधिकारियों की होगी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर कांग्रेस ने कल दो महत्वपूर्ण बैठक गांधी भवन में बुलाई है। प्रदेश कांग्रेस सहप्रभारी उषा नायडू की मौजूदगी में यह बैठक होगी। कल सुबह 11 बजे से कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक होगी। यह बैठक करीब 1 बजे तक चलेगी उसके बाद भोजन और फिर दोपहर 2 बजे से शहर कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकारिणी की बैठक होगी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे, संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल, कोषाध्यक्ष शैलेष गर्ग सहित अन्य पदाधिकारी विशेष आमंत्रित सदस्य, स्थायी सदस्य भी दोपहर की मीटिंग में मौजूद रहेंगे। समन्वय समिति में निर्धारित सदस्य है उन्हें आमंत्रित किया गया है।



## भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री पाटीदार का स्वागत होगा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर भाजपा जिला ग्रामीण ने भाजपा कार्यालय पर बैठक आयोजित की। संत रविदास जयंती के अवसर पर जिले की चारों विधानसभा और मंडल में भ्रमण होने वाली कलश यात्रा को लेकर चर्चा की गई। साथ ही 25 अगस्त दोपहर 2 बजे पाटीदार धर्मशाला राऊ में सांसद और भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री कविता पाटीदार के सम्मान का आयोजन रखा गया है इसकी जानकारी भी दी गई। किए गए कार्यों की समीक्षा और आगामी संगठन कार्यों की चर्चा भी की गई। जिले के सभी पंचायत सदस्य, मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी और अपेक्षित कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में जिले में नई नियुक्ति जो मोर्चा अध्यक्ष महामंत्रियों की हुई उनका भी स्वागत किया गया।

## हेरिटेज ट्रेन की कनेक्टिविटी के लिए रेलवे बदलाव करे

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। वरिष्ठ भाजपा नेता और पश्चिम रेलवे सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य जगमोहन वर्मा ने पातालपानी कालाकुंड हेरिटेज ट्रेन की रेल प्रशासन की घोषणा का स्वागत कर मांग की है कि हेरिटेज ट्रेन की कनेक्टिविटी के लिए मामूली समय परिवर्तन करने से सैलानियों में बढ़ोतरी होगी साथ ही रेलवे की आय में इजाफा भी होगा। वर्मा ने डीआरएम रतलाम से आग्रह किया है कि इंदौर से कनेक्टिविटी के लिए गाड़ी नंबर 79310 रतलाम डॉक्टर अंबेडकर नगर तथा वापसी में पातालपानी से ट्रेन नंबर 7 9 307 के समय में मामूली परिवर्तन से सैलानियों और रेलवे की आय में वृद्धि भी होगी एवं हेरिटेज ट्रेन को वर्षा ऋतु में सप्ताह भर चलाया जाए।

# भाजपा नेता शर्मा ने बाबा का जन्मदिन सेवा कार्य के रूप में मनाया

### कन्या छात्रावास में मिठाई व फलाहार वितरण

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विधानसभा पांच के विधायक महेन्द्र हार्डिया का जन्मदिन कल भाजपाइयों ने मनाया। अलग-अलग सेवा कार्य किए गए और पर्यावरण संरक्षण का काम भी किया गया। ज्योतिबा फुले मंडल के उपाध्यक्ष पंडित जसराज शर्मा ने बताया कि विधायक महेन्द्र हार्डिया के जन्मदिन



पर जानकी प्रपन्नाचार्य महाराज के आतिथ्य में बिचौली स्थित जीवन उमंग परिवार बालिका छात्रावास में बालिकाओं को मिठाई एवं अल्पाहार वितरण किया गया। इसके बाद लेटेश्वर हनुमान मंदिर पर औषधि और फलदार पौधे लगाए गए। इस मौके पर निक्की कटारे, जितेंद्र बघेल, राकेश बघेल, राहुल मीणा, शिवराज कुशवाह, गुरु बघेल, सौरभ सिंह गौर, श्रीमती नीलम शर्मा, अंकित नामदेव, चेतन बघेल, बबलू तंवर सहित अन्य उपस्थित थे।

## विश्वकर्मा प्रभारी बने



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा इंदौर महानगर ने संगठन का विस्तार करते हुए 50 नगर पदाधिकारियों की घोषणा की है। नगर अध्यक्ष निखिल सोनी द्वारा जारी सूची में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा सोशल मीडिया प्रभारी जनार्दन विश्वकर्मा को नियुक्त किया गया। नियुक्ति पर विश्वकर्मा समाज के प्रेमनारायण विश्वकर्मा, अशोक पंवार, परमानन्द विश्वकर्मा, जयन्तिलाल विश्वकर्मा, चम्पालाल गोराणा, बिरजू शर्मा, रामदीन विश्वकर्मा ने बधाई दी।

# अग्नि सुरक्षा नहीं होने पर कार्रवाई

# 200 से अधिक दुकानें की सील भाजपा नेताओं ने किए खुलवाने के प्रयास

## शपथ पत्र भरकर दिया तो मिली खुलने की अनुमति



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कल सुबह हुकुमचंद घंटाघर के समीप स्थित ट्रेड सेन्टर में उस वक्त हंगामा मच गया जब दुकानदार अपने संस्थान खोलने पहुंचे तो नगर निगम द्वारा लगाई गई सील देखी। इसके बाद दुकानदारों ने मल्टी से कर्ताधर्ताओं को फोन घनघनाए, तब जानकारी मिली कि मल्टी में फायर सेफ्टी नहीं होने के कारण निगम ने सील की है। हालांकि देर शाम भाजपा नेताओं के प्रयास से यह मल्टी क़ी दुकानें खोल दी गई।

ट्रेड सेन्टर मल्टी कासलीवाल परिवार की थी। इस मल्टी में कई आफिस, दुकान कासलीवाल परिवार द्वारा बेच दिए गए है। वहीं कई दुकान उनके द्वारा किराए पर दी गई है। बीते कुछ माह से नगर निगम द्वारा फायर सेफ्टी नहीं होने के कारण चेतावनी दे दी गई थी लेकिन मल्टी के कर्ताधर्ताओं ने ध्यान नहीं दिया। जिसके बाद निगम ने कल सुबह मल्टी में बनी 200 से अधिक दुकानें सील कर दी। इसके बाद दुकानों को खुलवाने के प्रयास जारी रहे। इसी बीच धीरज खंडेलवाल को व्यापारियों ने फोन लगाकर जानकारी दी, वे उस समय मुंबई थे, वे भाजपा




व्यापारिक प्रकोष्ठ से जुडे है, इसलिए धीरज खंडेलवाल ने व्यापारियों की चिंता कर अधिकारियों से चर्चा की और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से भी चर्चा की। इसके बाद बिल्डिंग के राहुल कासलीवाल सहित अन्य ने निगम को शपथ पत्र भरकर दिया जिसमें बिल्डिंग में जल्द ही अग्नि सुरक्षा के लिए फायर सेफ्टी एनओसी ले ली जाएगी, इसका जिक्र किया। फिर शाम को करीब 6 बजे दुकानें खोल दी गई। दरअसल मल्टी में कुछ दुकानें जब बेच दी गई है तो उन दुकानों के मालिकों से फायर उपकरणों के लिए राशि जुटाने के लिए कई बार कर्ताधर्ताओं ने उन्हें फोन लगा दिए लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा था जिसके परिणाम स्वरूप कल मल्टी सील कर दी गई।

### लोगों ने स्वयं हटाई सील

बताया जा रहा है कि जब दुकानें खोलने की अनुमति निगम अधिकारियों ने दी तो कर्मचारियों की कमी होने के कारण लोगों ने स्वयं ही आफिस, दुकानों के तालों पर लगी सील हटाई। उन्हें कहा गया कि सील को परिसर के डस्टबीन में फाड़कर डाल दिया जाए।

# भाजपा नेता ने कसा तंज

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी के पुणे में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में छात्राओं को लेकर दिए बयान पर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा नेता सुनील पुरोहित ने राहुल गांधी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अगर महिलाओं की आजादी की इतनी ही चिंता है तो बोलकर दिखाएं। 'राहुल गांधी महिलाओं को आजाद करने की बात करते हैं। 70 साल में कांग्रेस ने कभी तीन शादियों का विरोध किया क्या? तीन तलाक का विरोध किया क्या?' उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि राहुल गांधी में दम है तो आज भी बोले कि महिलाएं बुर्का नहीं पहनें, तीन शादियां नहीं करें। महिलाओं को समानता का अधिकार मिलना चाहिए। पुरोहित ने महिला आरक्षण बिल को लेकर भी कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस महिला बिल का विरोध क्यों कर रही है? सदन में बहस करे और महिलाओं को समानता दे।

## आज शाम गणगौर घाट से पालकी यात्रा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा नेता जीतू कुशवाह द्वारा कुशवाह महासभा और हास्पिटल पीड़ित संघ, फुटकर व्यापारी संघ के बैनरतले आज शाम 4 बजे से छत्रीबाग स्थित गणगौर घाट से संतों और श्रद्धालुओं की मौजूदगी में सावन मास में भगवान गणगेश्वर महादेव की पालकी यात्रा का आयोजन किया जाएगा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहेंगे।

# एक ही क्षेत्र से है भाजपा महिला मोर्चा की दोनों पदाधिकारी

## अध्यक्ष कुछ साल पहले बोल वचन से आई थी चर्चा में

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**




भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट अश्विनी परांजपे राजवाड़े ने प्रदेशभर में नगर और जिला अध्यक्षों की नियुक्तियों का दौर जारी रखा है। कल भी उन्होंने कई नियुक्तियों के साथ इंदौर नगर अध्यक्ष के रूप में श्रेष्ठा जोशी और महामंत्री पद पर माधुरी जैसवाल की नियुक्ति की। महत्वपूर्ण बात यह है कि दोनों ही विधानसभा 3 की होकर दोनों ही वार्ड 58 से जुड़ी हुई है, मरीमाता से इमली बाजार आने वाले इस मार्ग पर दोनों रहती है। श्रेष्ठा जोशी सदर बाजार में और माधुरी जैसवाल शंकरबाग में रहती है। उल्लेखनीय है कि माधुरी जैसवाल पूर्व में कांग्रेस में थी और उन्होंने तत्कालीन विधायक उषा ठाकुर ने उन्हें भाजपा में शामिल किया था। जैसवाल ने उषा ठाकुर के बाद आकाश विजयवर्गीय और अब गोलू शुक्ला के साथ काम जारी रखा है। श्रेष्ठा जोशी ने विद्यार्थी परिषद में सुमित मिश्रा और गौरव रणदिवे के साथ भी काम किया। श्रेष्ठा जोशी ने एबीवीपी में काम करते हुए अपने उद्‌बोधन पर तीखी पकड़ बनाए रखी थी। 2020 में वे एक उज्जैन के नेता व कार्यकर्ता से चर्चा में चर्चारत बनी थी और उसी चर्चा के बाद उन्हें प्रदेश मंत्री पद से हटाया था। करीब 6 सालों तक वे लूपलाइन में रही और अब उन्हें महिला मोर्चा का नगर अध्यक्ष बनाया गया है। बताया जा रहा है कि इस नियुक्ति में भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, गौरव रणदिवे और क्षेत्रीय विधायक गोलू शुक्ला की सहमति बताई जा रही है। खुद मिश्रा के भी राजनीतिक संबंध भोपाल और दिल्ली में भी है। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने भी इन दोनों नियुक्तियों के बाद सोशल मीडिया पर भी बधाई के संदेश जारी किया है। इन दोनों नियुक्तियों में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की भी सहमति ली गई है।

# अमन बजाज को छात्र संघ चुनाव प्रभारी बनाया

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**



युवक कांग्रेस से लेकर मुख्य कांग्रेस के प्रदेश से लेकर शहर में भी कई दायित्व निभा चुके, अमन बजाज को अब छात्र संघ चुनाव का प्रभारी बनाया है। बड़ी संख्या में कॉलेज हैं और उनमें चुनाव की प्रक्रिया न्यायालय के निर्देश के बाद की जाना है। किस तरह से चुनाव होंगे उन पर भी मंथन किया जा रहा है और ऐसे में कांग्रेस अपने युवक कांग्रेस और भाराछासं के माध्यम से विश्वविद्यालय से लेकर कॉलेजों तक में अपने प्रतिनिधि पदाधिकारी के रूप में चाहती है इसीलिए जिम्मेदारी अमन बजाज को दी गई है कि एक योजनाबद्ध तरीके से रणनीति बनाई जाए और ज्यादा से ज्यादा पदाधिकारी कांग्रेस से संबंधित भाराछासं के बने। अमन बजाज की नियुक्ति जीतू पटवारी के निर्देश संजय कामले द्वारा की गई।

# आज शाम हो सकती है बारिश

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

मौसम विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि आज दिन में कई बार बदली बनी रहेगी, जिसके कारण उमस बढ़ेगी। शाम 4 बजे के बाद मध्यम से तेज बारिश हो सकती है। शर्मा ने बताया कि संभावना है कि करीब 2 घंटे उमस के बाद गर्मी खाकर पानी गिरने की संभावना है। ज्यादा तेज पानी नहीं गिरेगा, यही स्थिति कल सोमवार और परसो मंगलवार को भी बनी रहेगी। कल और परसों थोड़ा तेज पानी गिर सकता है, जब भी पानी गिरेगा उस समय तेज हवाएं भी चल सकती है। यही स्थिति इंदौर-उज्जैन संभाग में भी पानी की बनी रहेगी।

# कांग्रेस ने उठाया पानी की गुणवत्ता पर सवाल

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आनंद जैन कासलीवाल ने मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अस्पतालों में दूषित पानी की रिपोर्ट पर महापौर से सार्वजनिक जवाब मांगा। कासलीवाल ने यह भी कहा कि रिपोर्ट के आधार पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव खराब पानी अस्पताल रिपोर्ट पर जिम्मेदारी मानकर क्या इस्तीफा देंगे। कासलीवाल ने कहा कि भागीरथपुरा के दूषित पानी की घटना के काफी दिन बाद वहां पानी पीकर बताया था और कहा था कि पानी शुद्ध है। कासलीवाल ने कहा कि अब पानी की टेस्ट रिपोर्ट मीडिया में प्रकाशित हुई है, जिसमें इंदौर के अस्पतालों में उपलब्ध पानी की गुणवत्ता को लेकर जो रिपोर्ट सामने आई है, वह अत्यंत चिंताजनक है। यदि अस्पतालों में मरीजों और उनके परिजनों को उपलब्ध कराए जा रहे पानी में निर्धारित मानकों के विपरीत तत्व अथवा दूषित पदार्थ पाए गए हैं, तो यह केवल राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का विषय नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य और नागरिकों की सुरक्षा का गंभीर मामला है। कासलीवाल ने कहा कि अगर अस्पतालों के पानी की गुणवत्ता संबंधी रिपोर्ट सही है, तो क्या महापौर सार्वजनिक रूप से इस कमी की जिम्मेदारी स्वीकार करेंगे। क्या नगर निगम और संबंधित विभागों की जवाबदेही तय की जाएगी। कासलीवाल ने यह भी कहा कि जिन अस्पतालों में दूषित पानी पाए जाने की बात सामने आई है, वहां तत्काल स्वतंत्र जांच और पानी की दोबारा वैज्ञानिक जांच कराई जाएगी। यदि नगर निगम की व्यवस्था में गंभीर लापरवाही सिद्ध होती है, तो क्या महापौर पुष्यमित्र भार्गव नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए अपने पद से इस्तीफा देंगे। कांग्रेस स्पष्ट करना चाहती है कि यह विषय किसी राजनीतिक दल के पक्ष या विपक्ष का नहीं है। पानी जीवन की मूल आवश्यकता है और अस्पतालों में उपलब्ध पानी की शुद्धता तो और भी गंभीर विषय है। मरीज पहले से बीमारी से जूझ रहा होता है; ऐसे में उसे शुद्ध पानी उपलब्ध कराना शासन और स्थानीय प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। उक्त पूर्ण जानकारी आरोप के साथ प्रदेश प्रवक्ता मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आनंद जैन कासलीवाल ने दी है।

# 30 साल के लिए दुकानों को देने के लिए बुलाए प्रस्ताव

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**इंदौर नगर निगम के द्वारा नेहरू पार्क में बनाई गई पांच दुकानों को किराए पर देने के लिए पहल शुरू की गई है। इन दुकानों को 30 साल के लिए किराए पर दिया जाएगा। इसके लिए दुकान लेने के इच्छुक लोगों से प्रस्ताव बुलाए गए हैं।**

नगर निगम के द्वारा स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत नेहरू पार्क का भी विकास किया गया है। विकास के नाम पर इस पार्क को पूरी तरह से नष्ट भ्रष्ट कर दिया गया है। इस पार्क में कहीं कोई जन सुविधा का ध्यान नहीं रखा गया। एक अच्छे बगीचे के रूप में पहचाने जाने वाले इस पार्क को सीमेंट कंक्रीट के जंगल के रूप में बदल दिया गया है। यही कारण है कि लोगों को पूरी तरह सुविधाजनक नजर आने वाला ऐतिहासिक नेहरू पार्क अब पूरी तरह से बर्बाद हो गया है।

स्मार्ट सिटी कंपनी के द्वारा इस पार्क में विकास के नाम पर पहले चलने वाली बच्चों की रेल को एक बार फिर नए स्वरूप में तो चला दिया गया है लेकिन वहां से हरियाली को हटाकर जगह-जगह सीमेंट कंक्रीट के स्ट्रक्चर बना दिए गए हैं। इस स्थिति के कारण अब इस पार्क में घूमने के लिए जाने वाले लोगों को वह प्राकृतिक माहौल नहीं मिल पाता है जो कि पहले मिल जाता था। नगर निगम के अधिकारियों को यह उम्मीद थी कि विकास के बाद यह नेहरू पार्क इतना सुंदर हो जाएगा यहां पर बड़ी संख्या में लोग पिकनिक मनाने के लिए आने लगेंगे। इसी उम्मीद को ध्यान में रखते हुए नेहरू पार्क के परिसर में अंदर कई साल पहले पांच दुकान का निर्माण किया गया था।

इसके बाद स्मार्ट सिटी कंपनी के द्वारा इन दुकानों का आवंटन करने और उन्हें संचालन के लिए देने की पहल की गई थी लेकिन किसी के भी द्वारा इस कार्य में रुचि नहीं ली गई। बाद में स्मार्ट सिटी कंपनी ने यह सभी दुकान इंदौर नगर निगम के मार्केट विभाग को हस्तांतरित कर दी। अब निगम के मार्केट विभाग के द्वारा इन दुकानों को किराए पर देने की पहल की गई है।

मार्केट विभाग के द्वारा तैयार किए गए प्रस्ताव में नेहरू पार्क में बनाई गई पांच दुकानों को प्रवेश अधिकार शुल्क लेकर 30 साल के लिए किराए पर देने का प्रस्ताव रखा गया है। इसमें जो लोग इन दुकानों को लेना चाहते हैं उनसे 21 सितंबर तक उनके प्रस्ताव खुलवाए गए हैं। इसमें जो सबसे ज्यादा प्रवेश अधिकार शुल्क देगा उसे दुकान किराए पर देने का फैसला लिया जाएगा। लोगों के द्वारा दिए गए प्रस्ताव को निगम के मार्केट विभाग के द्वारा 23 सितंबर को खोला जाएगा। इसके बाद फिर इन प्रस्ताव की समीक्षा की जाएगी और फिर इस बारे में फैसला लिया जाएगा।

## बीमारी से त्रस्त व्यक्ति ने किया सुसाइड

### खुद का गला रेंतकर दी जान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

एरोड्रम थाना क्षेत्र की व्यंकटेश विहार क्षेत्र में बीमारी से परेशान होकर एक व्यक्ति द्वारा आत्महत्या करने का दर्दनाक मामला सामने आया है। मृतक लंबे समय से किडनी की बीमारी से पीड़ित था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान मनोज पिता प्रेम लाल (49) निवासी व्यंकटेश विहार के रूप में हुई है। परिजनों और शुरुआती जांच के मुताबिक, मनोज गंभीर बीमारी किडनी इन्फेक्श से ग्रस्त चल रहे थे। बीमारी और उसके दर्द से परेशान होकर उन्होंने धारदार वस्तु से खुद का गला रेंत लिया, जिससे अत्यधिक खून बहने के कारण मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

## जैन आईपीएल शुरू, 12 टीमों ने लिया भाग

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पीपली बाजार स्थित जैन उपाश्रय में आज जैन इंदौर प्रीमियर लीग खेला



जा रहा है, यह आयोजन का नाम भले ही क्रिकेट की तर्ज पर लिया गया है, लेकिन इसमें धार्मिक प्रश्नोत्तरी के आधार पर रन बनाए जा रहे हैं। शहर के अलग-अलग 12 श्री संघों की टीम बनी है सुबह 9 बजे से आयोजन शुरू हुआ। गणिवर्य निर्मोहप्रभ विजय म.सा. के सानिध्य में आयोजन हो रहा है। तीन राउण्ड में लीग खेली जा रही है। हर टीम में 11 खिलाड़ी है और हर खिलाड़ी को प्रश्नोत्तरी खेलने के लिए बैठना है। एक खिलाड़ी अन्य के रूप में भी रखा गया है, जो खिलाड़ी सही उत्तर दे रहा है उसे एक डाइज दिया जा रहा है। डाइज पर रन लिखे हुए हैं, जो डाइज घूमाने पर रन आ रहे हैं वह रन टीम के लिए जोड़े जा रहे हैं। वहीं प्रश्न का गलत उत्तर देने पर भी एक डाइज दिया जा रहा है, इस डाइज में 6 नम्बर है और हर नम्बर पर अलग-अलग नियम बनाया गया है। रन आऊट, बोल्ड और केच आउट के अलावा व्हाइट बॉल, नो बॉल और डीआरएस लिखा है, इसका मतलब है कि गलत उत्तर देने वाले को भी मौका मिल रहा है। कुल मिलाकर रोचक आईपीएल हिस्सा लेने के लिए आज बड़ी संख्या में श्वेताम्बर जैन समाजजन पीपली बाजार स्थित उपाश्रय पहुंचे।

## एमओजी लाइन में बिजली की लाइन 37 करोड़ में होगी अंडरग्राउंड

### इंदौर नगर निगम की स्मार्ट सिटी कंपनी ने लिया फैसला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम की स्मार्ट सिटी कंपनी के द्वारा एम ओ जी लाइन क्षेत्र में बिजली की लाइन को अंडरग्राउंड किया जाएगा। इस कार्य पर 36 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इस काम को करने का फैसला ले लिया गया है।**

केंद्र सरकार के स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत गठित की गई इंदौर नगर निगम की स्मार्ट सिटी कंपनी के द्वारा एम ओ जी लाइन क्षेत्र को पुर्नविकास किए जाने वाले क्षेत्र के रूप में चयनित किया गया था। इस क्षेत्र में जितने भी निर्माण है उन सभी को तोड़कर पूरी जमीन को प्लेन जमीन के रूप में परिवर्तित कर दिया गया था। इसके बाद में अभी जमीन को प्लाटिंग करते हुए एक-एक प्लाट को अलग-अलग बेचने का काम स्मार्ट सिटी कंपनी के द्वारा किया जा रहा है। इसके साथ इस पूरे क्षेत्र का समग्र विकास करने और उसे स्मार्ट क्षेत्र के रूप में परिवर्तित करने का काम भी किया जा रहा है। इसी तरह स्मार्ट सिटी कंपनी के द्वारा सड़क पर लगे हुए बिजली के खंभे हटाने और इन खम्बों पर झूलते बिजली की लाइन के तार को अंडरग्राउंड करने की योजना बनाई गई है। इसके तहत 33 किलोवाट और 11 किलोवाट के सब स्टेशन और पावर ट्रांसफार्मर को भी हटाया जाना है। केबल के पूरे नेटवर्क, पूरे क्षेत्र में बिजली की सप्लाई की लाइन और स्ट्रीट लाइट की लाइन को अंडरग्राउंड किया जाना है। इसके साथ ही पूरे बिजली के इंफ्रास्ट्रक्चर को भी अंडरग्राउंड करना है। इस कार्य को करने के लिए स्मार्ट सिटी कंपनी के द्वारा बनाए गए प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इस प्रस्ताव के अनुसार इस कार्य पर करीब 37 करोड रुपए की राशि खर्च होने का अनुमान लगाया गया है। इस कार्य को शुरू करने के बाद पूरा होने में 12 महीने का समय लगेगा। इस कार्य के लिए अब काम करने वाली एजेंसी के चयन की प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है। इसके लिए स्मार्ट सिटी कंपनी के द्वारा 18 सितंबर तक प्रस्ताव बुलाए गए हैं।

## गेहूं पिसवाने गए किशोर पर पुराने विवाद में चाकू से हमला

**इंदौर।** बेटमा थाना इलाके के एक गांव में पुराने विवाद को लेकर दो बदमाशों ने एक किशोर और उसके चचेरे भाई पर हमला कर दिया। आरोपियों ने पीड़ित के भाई को सरिये से पीटा और किशोर पर चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने घायल की शिकायत पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, हमले में घायल आवेश (16) निवासी ग्राम रौलाय की रिपोर्ट पर दो आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। फरियादी आवेश ने पुलिस को बताया कि वह अपने चचेरे भाई के साथ गांव में स्थित चक्की पर गेहूं पिसवाने गया था। उसी दौरान वहां पहुंचे आरोपियों ने उनसे पुराने विवाद की बात को लेकर बेवजह गाली-गलौज शुरू कर दी। जब आवेश और उसके भाई ने गालियां देने से मना किया, तो आरोपी उग्र हो गए। उन्होंने पहले चचेरे भाई पर लोहे के सरिये से हमला किया और फिर आवेश पर चाकू से वार कर दिया। चाकू लगने से आवेश खून से लथपथ होकर वहीं गिर पड़ा। शोर सुनकर आसपास के लोग जमा हुए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।

## मूसाखेड़ी को भी वैध करने की प्रक्रिया शुरू

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**इंदौर नगर निगम की कॉलोनी सेल के द्वारा मूसाखेड़ी में स्थित नॉर्थ मूसाखेड़ी कॉलोनी को वैध करने की प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है। इस कॉलोनी का क्षेत्र 5215 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला हुआ है।**

नगर निगम द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका कॉलोनी विकास नियम 2021 के प्रावधानों के तहत 21 दिसंबर 2022 से पूर्व बसाहट में आ चुकी अवैध कॉलोनी को वैध करने की प्रक्रिया को तेजी से चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत ग्राम मूसाखेड़ी के विभिन्न सर्वे नंबर में स्थित 8610 वर्ग मीटर क्षेत्र में विकसित नॉर्थ मूसाखेड़ी कॉलोनी को वैध करने की प्रक्रिया को शुरू किया गया है। इसमें नागरिक आवश्यकता के हिसाब से सड़क पानी की लाइन, ड्रेनेज की लाइन डालने और स्ट्रीट लाइट लगाने की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए इस कॉलोनी में निवास करने वाले नागरिकों से विकास शुल्क की वसूली भी की जाएगी।

निगम के द्वारा इस कॉलोनी को वैध करने के लिए सार्वजनिक सूचना का प्रकाशन करते हुए नागरिकों से उनके दावे आपत्ति आमंत्रित किए गए हैं। अब सबसे पहले तो नगर निगम के द्वारा इस कॉलोनी का साइट प्लान तैयार कर उसे नगर एवं ग्राम निवेश विभाग के माध्यम से मंजूर करवाया जाएगा। इसके बाद में इस कॉलोनी के क्षेत्र में विकास के कार्य को शुरू किया जाएगा और वहां पर बने हुए लोगों के मकान के नक्शे मंजूर किए जाएंगे। जब नागरिकों के द्वारा विकास शुल्क की राशि जमा कर दी जाएगी तब ही नगर निगम के द्वारा इस राशि से इस कॉलोनी में विकास कार्य शुरू किया जाएगा।

### शासन की रोक लेकिन आदेश नहीं

मध्यप्रदेश शासन के द्वारा वैसे तो अवैध कॉलोनी को वैध करने पर रोक लगा दी गई है, लेकिन इस रोक की घोषणा प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के द्वारा कई बार कार्यक्रम के माध्यम से ही की गई है। इस बारे में शासन की ओर से कोई लिखित आदेश जारी नहीं हो सके हैं। यह लिखित आदेश नहीं आने के कारण नगर निगम के द्वारा अपने स्तर पर कॉलोनी को अवैध से वैध करने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है।

## अनाथ बच्चों की फीस माफ करेगा शिक्षा विभाग

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल से जुड़े अधिकारी सचिव बुद्धेश कुमार वैद्य ने पत्र जारी कर कहा कि हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल के साथ अन्य परीक्षाओं में ऐसे छात्र भी सम्मिलित होंगे, जिनके माता-पिता दोनों का निधन हो गया, यह छात्र किसी रिश्तेदार पर आश्रित है, ऐसे विद्यार्थियों की शुल्क के अभाव में पढ़ाई आगे नहीं रूके ऐसे छात्रों को मण्डल द्वारा आयोजित समस्त परीक्षाओं में सम्मिलित होने के लिए संपूर्ण परीक्षा एवं नामांकन शुल्क से छूट प्रदान की जाएगी। ऐसे छात्रों को परीक्षा फार्म भरते समय माता व पिता दोनों के मृत्यु प्रमाण-पत्र अथवा शासन द्वारा संचालित/मान्यता प्राप्त संस्थाओं द्वारा इस आशय का जारी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, अन्यथा शुल्क छूट की पात्रता नहीं होगी। यह सुविधा सत्र 2026-27 की परीक्षाओं से लागू की जा रही है।







# बोहरा समाज ने निकाला बड़ा जुलूस

## रास्ते में हुआ जगह-जगह इस्तकबाल कई आमिल भी रहे शामिल

## आज रात खुशी की मजलिस, कल सुबह परचम के जुलूस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आज बोहरा समाजजनों ने सियागंज स्थित बोहरा मस्जिद से ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर बड़ा जुलूस निकाला। पूरे इंदौर के बोहरा बाहुल्य क्षेत्रों से आज बड़ी संख्या में बोहरा समाजजन इस मुबारक जुलूस के मौके पर शामिल होने के लिए पहुंचे। बोहरा बाहुल्य क्षेत्र की मस्जिद के 17 आमिल भी इस मुबारक मौके पर शामिल हुए। यह जुलूस सियागंज से हाथीपाला, नन्दलालपुरा, यशवंत रोड, जवाहर मार्ग होते हुए छत्रीबाग स्थित सैफी स्कूल पहुंचा, रास्ते में कई मंच से बोहरा समाजजनों और आमिल के साथ जमात, तंजिम मेम्बर, बुरहानी गार्ड सदस्य और बोहरा मोहल्लों के बैंड का इस्तकबाल किया गया। सैफी नगर के आमिल शब्बीर भाई हुसानी की सरपरस्ती में यह जुलूस निकाला गया। हर बोहरा मस्जिद की जमात, जमात के सदस्य, तंजिम के सदस्य और बोहरा मोहल्लों के बैंड भी इसमें शामिल हुए, आगे देश का तिरंगा लेकर चला जा रहा था। बग्घियों में बच्चों को बैठाया गया था, ऊंट, घोड़े भी शामिल हुए। उक्त जानकारी बोहरा समाज मीडिया प्रभारी मजहर हुसैन सेठजीवाला ने देते हुए बताया कि बड़ी संख्या में बोहरा समाजजन आज ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर निकले इस बड़े जुलूस में शामिल हुए, जगह-जगह मंच से स्वागत हुआ। शहर काजी डॉ. इशरत अली, पार्षदपति सादिक खान अतिथि थे। आज मिलाद की रात को बोहरा मस्जिदों में खुशी की मजलिस 8.30 बजे से होगी। सैयदना साहब की ऑडियो-वीडियो भी रिलिज होगी। कल सुबह कई बोहरा बाहुल्य क्षेत्रों में परचम के जुलूस निकाले जाएंगे और खुशी का इजहार होगा।





## कचरा ठेले में भरकर फेंक रहे थे

### धर्मशाला पर लगा 10 हजार का स्पॉट फाइन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा 3 के वार्ड 57 के अन्तर्गत नावेल्टी मार्केट जेल रोड पर श्रीराम धर्मशाला द्वारा धर्मशाला का कचरा ठेले में भरकर फेंका जा रहा था। लोगों ने शिकायत की तो सीएसआई राम लोवंशी और एनजीओ की टीम ने ठेले सहित कचरा पड़ा। सहायक सीएसआई यश सोलंकी, दरोगा राजेश खरे, आनन्द जायसवाल और अन्य ने 10 हजार रु. का स्पॉट फाइन किया और धर्मशाला के मैनेजर को समझाया कि आगे इस तरह का कचरा कहीं नहीं फेंके।

# कलेक्टर ने जारी कराया तहसीलदार को शोकाज नोटिस

## रीडर हुए निलम्बित

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



कलेक्टर शिवम वर्मा ने राजस्व प्रकरण निराकरण के मुद्दे पर समीक्षा बैठक आयोजित की। लम्बित राजस्व प्रकरणों पर समीक्षा की गई। सख्त निर्देश दिए गए कि जो प्रकरण लम्बित है उन्हें निपटाये जाए, साथ ही अविवादित एवं विवादित नामांतरण, बंटवारा तथा सीमांकन प्रकरणों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की गई, जो प्रकरण विवादित नहीं है उन्हें तत्काल प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। राजस्व प्रकरणों के निराकरणों पर लापरवाही पाए जाने पर कलेक्टर शिवम वर्मा ने मल्हारगंज क्षेत्र की रीडर रश्मि सोलंकी को निलंबित किया है। इसी प्रकार सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण नहीं करने पर हातोद के तहसीलदार गोविंदसिंह ठाकुर को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। वहीं हेल्प लाइन प्रकरण की समीक्षा की गई। बेवजह प्रकरण लम्बित नहीं रखे जाए। अधिकारी नवजीवन विजय पवार, रिंकेश वैश्य, रोशन राय सहित अन्य मौजूद थे।

# संभाग आयुक्त ने किया अस्पताल और रिसर्च सेंटर का निरीक्षण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

संभाग आयुक्त भास्कर लक्षकार ने कल रॉबर्ट नर्सिंग होम व रिसर्च सेंटर प्रबंधन समिति की बैठक भी आय़ोजित की। बैठक में उस प्रस्ताव पर पुनः विचार करने के निर्देश दिए, जो इस परिसर में 5 मंजिला 62 विस्तरीय अस्पताल की रूपरेखा तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि अस्पताल को जिन सेवा कार्यों से उपचार के लिए जाना जाता है। प्रबंधन समिति को चाहिए कि यहां की समस्त सुविधाएं और व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हों। इसलिए प्रस्तावित अस्पताल के लिए आगामी 20 से 25 वर्षों को ध्यान में रखते हुए अस्पताल परिसर का विस्तार करने पर एकमत हो। बैठक के बाद संभाग आयुक्त ने अस्पताल और रिसर्च सेंटर का दौरा भी किया और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। रॉबर्ट नर्सिंग होम में ब्लड बैंक स्थापना के लिए एमवाय अस्पताल के अधीक्षक ब्लड बैंक लाइसेंस की योजना में मदद करेंगे।



# मनोरंजन टैक्स चुराकर इवेंट कंपनी नहीं भागे इसलिए निगम ने तैनात की अपनी खुफ़िया टीम

## सारेगामापा ने जमा किया 65 लाख कर, नए इवेंट पर 45 लाख की डिमांड

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** दिलजीत दोसांझ के लाइव कॉन्सर्ट के दौरान 24 हजार अधिक टिकट बेचने के मामले में बकाया मनोरंजन कर को लेकर नगर निगम की सख्ती आखिरकार काम आई। इवेंट आयोजित करने वाली कम्पनी सारेगामापा ने निगम का 65 लाख रुपए का बकाया मनोरंजन कर जमा कर दिया है। निगम की ओर से बकाया वसूली के लिए कम्पनी के मुंबई स्थित कार्यालय पर भी संपर्क किया गया था।

अब कम्पनी द्वारा इंदौर में आयोजित किए जा रहे दो दिवसीय नए इवेंट 'कृष्णा राधा से रणभूमि तक' को लेकर नगर निगम ने 45 लाख रुपए के मनोरंजन कर की डिमांड जारी की है। इसमें से फिलहाल 3 लाख रुपए निगम के खाते में जमा किए गए हैं। कार्यक्रम शनिवार और रविवार को आयोजित किया जा रहा है और इसमें कुल चार शो होने की जानकारी सामने आई है। अंतिम मनोरंजन कर की गणना टिकट बिक्री के आधार पर की जाएगी। राजस्व समिति प्रभारी निरंजन सिंह चौहान गुड्डू ने बताया कि सारेगामापा इवेंट कम्पनी पर पूर्व में 65 लाख रुपए का मनोरंजन कर बकाया था। नए इवेंट के लिए कम्पनी से एनओसी मांगी गई थी। निगम की सख्ती के बाद कम्पनी ने पुराना बकाया कर जमा कर दिया है। उन्होंने कहा कि नए आयोजन में डिमांड के अनुसार कर की वसूली सुनिश्चित की जाएगी।

अपर आयुक्त आकाश सिंह ने बताया कि निगम की टीम ने 65 लाख रुपए का बकाया मनोरंजन कर जमा करवा लिया है, जिसके बाद कम्पनी पर पुराना बकाया नहीं है। वर्तमान इवेंट में चार शो प्रस्तावित हैं। शो के दौरान कितने टिकट बिकते हैं, इसके आधार पर अंतिम मनोरंजन कर तय किया जाएगा। फिलहाल 45 लाख रुपए की डिमांड जारी की गई है और 3 लाख रुपए जमा हुए हैं। सूत्रों के मुताबिक, पूर्व के विवाद को देखते हुए निगम इस बार अतिरिक्त सतर्कता बरत रहा है। इवेंट स्थल पर निगम की खुफ़िया टीम तैनात की गई है। आज रविवार को नाटक के दो शो आयोजित होंगे। इस दौरान शनिवार रविवार को कुल टिकट बिक्री पर मनोरंजन कर वसूली की जाएगी। बताया जा रहा कि कम्पनी का धार्मिक विषय पर आधारित आयोजन होने के कारण कम्पनी को कर संबंधी कुछ रियायतों या अलग प्रावधानों का लाभ मिलने की संभावना भी चर्चा में है। अब निगाह इस बात पर है कि आयोजन के बाद निगम वास्तविक रूप से कितना मनोरंजन कर वसूल पाता है।



## फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। महर्षि विद्या मंदिर सीबीएसई स्कूल के कैंपस में इंटरस्कूल फैंसी ड्रेस स्पर्धा हुई, जिसमे अतिथि नारायण एजुकेशन संस्था के सीईओ और शिक्षाविद् आशीष रामचंद्र पगारे थे। दस से अधिक स्कूल ने प्रतियोगिता में भाग लिया। छोटे बच्चों की मासूमियत ने सबका मन मोह लिया। कसेरा बाजार, सेंट नॉरबर्ट, एम विनके चारों ने पुरस्कार भी जीते। महर्षि विद्या मंदिर का स्टाफ, प्रतियोगी स्कूल और स्कूल के पदाधिकारी उपस्थित थे। आभार प्राचार्य मैडम ने माना। स्वागत निलेश चौहान ने किया।



## वाल्मीकि समाज की चारों पंचायत मिलकर देगी ज्ञापन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। वाल्मीकि समाज की चारों पंचायत महावाल्मीकि पंचायत, छावनी पंचायत, महामना मालवा लश्करी पंचायत, वरिष्ठ जमीदारी पंचायत के चौधरी, पटेल, मुखिया की बैठक निगम प्रांगण मोर्चा कार्यालय के बाहर आयोजित की गई। नगर निगम में कार्यरत सफाई मित्रों की जो-जो समस्याएँ हैं उन पर चर्चा की गई। कई मुद्दों पर चर्चा के बाद निर्णय लिया कि चारों पंचायत से जुड़े वरिष्ठजन से लेकर सभी लोग मंगलवार को नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल और महापौर पुष्यमित्र भार्गव को सुबह 11 बजे ज्ञापन दिया जाएगा। उक्त जानकारी भगवानदास करोसिया ने देते हुए बताया कि सभी वरिष्ठजन, पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कुरैशी ने किया लंगर का आयोजन



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।



चंदन नगर में रफीक कुरैशी, शफीक कुरैशी, राजा कुरैशी द्वारा ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर हलीम के लंगर का आयोजन किया गया। यह आयोजन पिछले 10 वर्षों से किया जा रहा है। लंगर का कार्यक्रम ग्रीन पार्क मन्नत गार्डन में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी तादाद में लोग शामिल हुए। इस कार्यक्रम में कालू भाई, रईस खान (रस्सु), मुन्ना भाई, समीर भाई, हमीद भाई, सईद भाई मौजूद थे।

## रामदेवरा की पदयात्रा शुरू

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। रामदेवजी मंदिर जिंसी से श्रद्धालुओं की रामदेवरा पदयात्रा शुरू हुई। इन यात्रियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर विजय खुडीवाल, श्यामलाल खत्री, कांग्रेस नेता राजेश जोशी, राजीव शर्मा, राजेश शर्मा, रामदेव प्रजापत, हंसराज खुडीवाल, भंवरलाल देवाल, नारायण लील सहित अन्य मौजूद थे।





## खाटूश्याम बाबा के जयकारों के साथ भजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। देवास नाका ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में खाटूश्याम बाबा का दरबार सजाया, ज्योत भी जली और बाबा के जयकारों के साथ भजन संध्या भी आयोजित की गई। चतरसिंह भाटी, राजेशसिंह चंदेल, रमेश वर्मा, आशीष दुबे, मेघराज अरझरे, पीके चौधरी, नितिन शर्मा, भरत शर्मा, ममता शर्मा, इन्दर भाटी सहित अन्य मौजूद थे।

## भूतेश्वर बाबा के बिल्व पत्र श्रृंगार दर्शन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पश्चिमी क्षेत्र के पंचकुइया स्थित प्राचीन भूतेश्वर महादेव बाबा के आज सुबह से बिल्व पत्र श्रृंगार दर्शन हो रहे हैं, पूरे सावन मास में रोजाना एक लाख बिल्व पत्र भगवान को अर्पण किए जा रहे हैं।

## संस्था को उत्कृष्ठ सेवा पर मिला सम्मान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। बहुउद्देश्यीय कृषि सहकारी साख संस्था, कांकरियापाल को केसीसी कार्ड वितरण में जिले में द्वितीय स्थान मिलने पर इंदौर प्रीमियर को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की साधारण सभा में सम्मानित किया गया। डॉ. मनोज जायसवाल, आलोककुमार जैन ने संस्था के अभिनेष यादव, प्रकाश मंडलोई को यह सम्मान दिया।





## गीत-संगीत का आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

एसआरएस डांस एंड म्यूजिक एकेडमी द्वारा प्रेस क्लब में संगीत की एक शाम आयोजित की गई। गायक राधिका बबेरिया, राकेशसिंह ठाकुर, सुनील पाठक, मदनलाल यादव, मानसी सिंघल, शोभित बबेरिया, वंदना मालवीय, सुदर्शना दशलहरे, कंचन वाधवा, अतुल त्रिवेदी, आभा ठाकुर, सुरभि अग्रवाल, भावना खरे, सीमा पापड़ीवाल, राजेश धरे, स्वाति महाजन, डॉ. संजय तंतुवाय, चेतन मेहरा, अश्मित् सागर, एचएस राजपाल, वंदना मेहरा, लिना श्रीवास ने प्रस्तुतियां दी। राधिका बबेरिया ने बताया कि कई नए कलाकारों को मौका दिया गया। शैलेष त्रिपाठी, स्वाति धरे, तनुजा पाठक, लिना श्रीवास, राजेश धरे का बतौर अतिथि सम्मान किया गया।

## एनसीसी की छात्राओं ने चालकों को बताए नियम

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। एनसीसी से जुड़ी छात्राओं ने गर्ल्स कैडेट्स का दायित्व यातायात के लिए निभाया। यातायात की भीड़ के समय पर यातायात संचालन किया। वाहन चालकों को नियम के लिए भी जागरूक किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात विक्रमसिंह रघुवंशी भी मौजूद रहे। कल दोपहर 3.30 बजे से लेकर शाम 7 बजे तक प्रमुख चौराहों पर एनसीसी की गर्ल्स कैडेट की ड्यूटी लगाई गई थी, जिन्होंने दायित्व निभाकर पुलिस का सहयोग किया।



## एआईबीई एक्सएक्सआईआई परीक्षा में आनलाइन आवेदन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इन्दौर अभिभाषक संघ, इन्दौर के 'पूर्व-अध्यक्ष' गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने बताया कि एआईबीई एक्सएक्सआईआई परीक्षा सम्भवत 29 नवम्बर को आयोजित होगी। इस परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक 27अक्टूबर तक अपना पंजीकरण आनलाइन आवेदन फार्म भर कर करवा सकते है। कचोलिया ने बताया कि परीक्षा में नवीन-अभिभाषक, विधि-स्नातक की उपाधि उत्तीर्ण व्यक्ति और एल. एल. बी. अन्तिम- वर्ष के अन्तिम-सेमेस्टर के छात्र भी शामिल हो सकते है। इस परीक्षा में लगभग डेढ़-लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। अखिल भारतीय बार परीक्षा की अधिकारिक वेबसाइट बार कौंसिल आफ इंडिया ट्रस्ट पर अपलोड जानकारी के अनुसार आनलाइन आवेदन फार्म भरने का कार्य 19 अगस्त से शुरू हो चुका है। गौरतलब है कि वर्ष-2009 के बाद विधि-स्नातक की उपाधि उत्तीर्ण करने वाले व्यक्तियों को विधि-व्यवसाय करने के लिए 'बार कौंसिल आफ इंडिया, नई-दिल्ली' द्वारा प्रदान किया जाने वाला 'विधि-व्यवसाय करने का प्रमाण पत्र सीओपी और सनद प्राप्त करने के लिए अखिल भारतीय बार परीक्षा उत्तीर्ण करना अत्यंत जरूरी है।

## अभ्यास मंडल के स्थापना दिवस पर वाद-विवाद प्रतियोगिता

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



महानगरों का विकास केवल चौड़ी सड़कों, ऊंची इमारतों और आधुनिक सुविधाओं तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि विकास के साथ अपनी संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों का संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। इसी विचार को केंद्र में रखते हुए अभ्यास मंडल के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में अंतर-महाविद्यालयीन वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन 25 महाविद्यालय के छात्रों के बीच किया गया। अतिथि सीए नवीन खंडेलवाल, डॉ. मैथ्यू सी.पी.,सुरेश उपाध्याय थे। निर्णायक मंडल में डॉ. सत्यम सम्राट आचार्य, डॉ. अमृता अवस्थी एवं युवा पत्रकार भूपेंद्र सिंह शामिल रहे। पक्ष में भूपेन्द्र यादव, जिज्ञासा हेडेव, लक्षित पंवार विजेता रहे। विपक्ष में हिमांशी चुग्गानी, लक्ष्मी नंदनी जैन. भव्या रस्तोगी विजेता रहे। मनीष भालेराव, ब्रजेन्द्रसिंह धाकड, रामेश्वर गुप्ता, डॉ. एस.एल. गर्ग, प्रणीता दीक्षित, वैशाली खरे, मुरली खंडेलवाल, अंजेशसिंह तोमर, ईशान श्रीवास्तव, डॉ. राजेन्द्र शर्मा, अरविन्द मिश्रा, हरेराम वाजपेयी, शफी शेख, नंदकिशोर उपाध्याय, श्याम पांडे मौजूद थे।

## नगरीय निकाय विकास कार्यों की समीक्षा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कलेक्टर शिवम वर्मा ने जिले की नगरीय निकाय के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। सभी नगर परिषद के अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भी उपस्थिति थे। प्रधानमंत्री स्व निधि योजना, अमृत मिशन 2.0, प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना तथा अन्य निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की।





## मिट्टी से गणेशजी बनाए

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। लायंस क्लब ऑफ इंदौर सनशाइन 3233 जी1, रीजन 9, जोन 1 द्वारा निपानिया स्थित शासकीय विद्यालय में पर्यावरण हितैषी गणेश प्रतिमा निर्माण कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें 45 बच्चों ने मिट्टी से गणेश प्रतिमाएं बनाना सीखा। बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, मिट्टी के महत्व और पर्यावरण हितैषी गणेश उत्सव के बारे में जानकारी दी गई। आशमा मल्होत्रा, रितु खन्ना, अर्चना शर्मा, विनय गुप्ता, रश्मि सिरोठिया, सुप्रिया खंडेलिया, संगीता पाठक, पूजा जोशी उपस्थित रहीं।

## शिवपुराण कथा का कर रहे है श्रद्धालु रसपान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।





तिलक नगर क्षेत्र के कृषि विहार उद्यान स्थित श्री पीपलेश्वर महादेव मंदिर पर चल रही शिव महापुराण कथा में श्रीधाम वृन्दावन के प्रख्यात आचार्य पं. शिवेंद्र कृष्ण शास्त्री कथा का रसपान करा रहे है। बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। राजेश उदावत, छत्रपाल सोलंकी, विजय मिश्रा पिंटू, नामदेव-नीता मिश्रा, प्रवीण-कृष्णा पुरोहित, अनीश-पिंकी पाण्डेय, विजय-सीमा मिश्रा, अनिल-सुनीता देशमुख,अनिल-भावना जाट, अभिनय-रचना सोनकर, संजय खादीवाला आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया।

## इंडक्शन प्रोग्राम का समापन



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड साइंस आईपीएस अकेडमी में नए विद्यार्थियों के लिए आयोजित सात दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम का समापन में इंजीनियरिंग की विभिन्न शाखाओं के करीब 1500 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ करियर, व्यक्तित्व विकास, उद्यमिता और जीवन में सफलता से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी गई।

## जैन मातृशक्ति भी कर रही है नवकार महामंत्र आराधना

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



केशरी वाटिका में आचार्य नित्यसेनसूरीश्वर म.सा. आदि श्रमणवृंद की निश्रा में चातुर्मास आयोजित किया जा रहा है। बड़ी संख्या में श्वेताम्बर जैन समाजजन इन्दौर के अलावा म.प्र. और बाहर से भी आ रहे है। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महाराज के मंत्री ललित गांधी के अलावा पृथ्वीराज कोठारी, पारस-मोना जैन, दिलीप-साधना पारेख, मयंक राजगढ़ भी मौजूद थे। जैन समाज की मातृशक्तियां नवकार महामंत्र की अराधना कर रही है। बुजुर्ग से लेकर युवा महिला और यहां तक कि बच्चे भी इस महामंत्र आराधना में शामिल हो रहे है। राजेश जैन युवा ने बताया कि संतों ने नवकार महामंत्र की महिमा भी बताई।. महेन्द्र बागवाला, नीरज सुराणा, अशोक देशलहरा, रवीन्द्र प्रतिभा मोदी, रवि-जय राका ने अपनी भूमिका निभाई।

## अग्रवाल समाजजन निकालेंगे प्रभातफेरी

### 45 अग्रवाल महिला संगठनों की भागीदारी रहेगी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



श्री अग्रोहा कपल ग्रुप एवं जय दादी दरबार की मेजबानी में भादवी अमावस्या 10 सितम्बर को सुबह 7 बजे से स्नेह नगर स्थित हनुमान मंदिर, वृंदावन गार्डन से अग्रवाल नगर स्थित राणी सती दादी के मंदिर तक भव्य प्रभातफेरी का आयोजन किया जाएगा। शहर के 45 प्रमुख अग्रवाल महिला संगठन इस प्रभातफेरी में अपनी भागीदारी दर्ज कराएंगे। पिछले 13 वर्षों से चली आ रही प्रभातफेरी की इस परंपरा में स्नेह नगर, पटेल नगर, मनीष बाग, भगवानदीन नगर एवं अग्रवाल नगर सहित पूरे शहर की महिलाएं परंपरागत परिधान में शामिल होंगी। इस दौरान सौलह श्रृंगार स्पर्धा भी आयोजित की जाएगी और प्रभातफेरी मार्ग में लकी ड्रा से इक्कीस महिलाओं को पुरस्कृत किया जाएगा। संगीता-अरविन्द बागड़ी, उषा-राजेश बंसल, शीतल तोडीवाला, निर्मला जिंदल, किरण तायल, पुष्पा गुप्ता, ज्योति अग्रवाल, सोनाली अग्रवाल, रुपाली अग्रवाल, चंचल अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल आयोजन से जुड़े है।



## राष्ट्र संत के आशीवर्चन सुन रहे हैं श्रद्धालु

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सकल दिगम्बर जैन धर्म प्रभावना समिति के तत्वावधान में दलालबाग में आयोजित राष्ट्रसंत मुनि पुंगव सुधासागर म.सा. के प्रवचन को सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। आज रविवार की सुबह भी बडी संख्या में जैन समाजजन पहुंचे। पर्यूषण महापर्व पर 15 सितम्बर से श्रावक संस्कार शिविर का आयोजन भी होगा जिसके लिए पंजीयन प्रारम्भ हो गए हैं। शिवानी-नवीन गोधा, तृप्ति-हर्ष जैन, सपना-मनीष गोधा, अंतिका गोधा एवं दीपिका-आकाश जैन आयोजन से जुड़े है।

## समता भवन पर धर्मसभा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। साधुमार्गी जैन समता संघ के तत्वावधान में समता भवन यशवंत निवास रोड पर धर्मसभा में प्रवचन रिभितिश्रीजी म.सा. ने दिए। बड़ी संख्या में जैन समाजजन प्रवचन का रसपान लेने पहुंच रहे है। मनीष बोहरा, पारस बोहरा आयोजन से जुड़े है।

## जैन ग्रुप का हास्य कवि सम्मेलन आज दोपहर

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। जैन सोशल ग्रुप इंदौर मेन द्वारा जाल सभागृह इंदौर में आज दोपहर 12 बजे से हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। ग्रुप की अनिता सोनगरा, हेमलता अजमेरा, राजेंद्र जैन संचेती, अनिल जैन ने बताया कि कवि सम्मेलन में प्रोफेसर राजीव शर्मा अंतरराष्ट्रीय कवि, कुलदीप रंगीला, कमलेश्वर सहज आदि कविगण अपनी रचनाओं का पाठ करेंगें ।

## शिक्षा अधिकारी के साथ अभद्र व्यवहार पर ज्ञापन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आयुक्त लोक शिक्षण अभिषेक सिंह के साथ भोपाल में अभद्र व्यवहार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने हेतु प्रदर्शन कर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, संयुक्त संचालक शिक्षा इंदौर संभाग कार्यालय के कर्मचारियों ने विरोध स्वरूप कार्य बंद किया। हरीश बोयत, दिनेश परमार, आर.के. शर्मा, आलोक परमार सहित अन्य मौजूद थे।



## 'यंग वूमेन मेंटरशिप प्रोग्राम'



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इंदौर द्वारा युवा महिला अधिवक्ताओं के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, संचार कौशल और पेशेवर विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित 'यंग वूमेन मेंटरशिप प्रोग्राम' का दूसरा सत्र हाईकोर्ट बेंच, के कॉन्फ्रेंस हॉल में अध्यक्ष मनीष यादव के नेतृत्व में आयोजित किया गया। सत्र की थीम 'पर्सनैलिटी डेवलपमेंट और बॉडी लैंग्वेज' रही। विशिष्ट वक्ता गुल वजदी परवेज, संस्थापक, पनाश, कॉरपोरेट ट्रेनर एवं सॉफ्ट स्किल्स और कम्युनिकेशन एक्सपर्ट ने अत्यंत प्रभावी एवं संवादात्मक सत्र के माध्यम से युवा महिला अधिवक्ताओं को व्यक्तित्व विकास, प्रभावी संचार, बॉडी लैंग्वेज, प्रोफेशनल ग्रूमिंग, आत्मविश्वास निर्माण और नेतृत्व कौशल के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। कीर्ति पटवर्धन, सोनाली सोनी शुक्ला, अग्रिमा सिंघई ने अपनी भूमिका इस कार्यक्रम में निभाई।

## लाफ्टर गुरु ने कराया हास्य योग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



योग मित्र मंडल के कोठारी कॉलेज केंद्र में लॉफ्टर गुरु रमेश मौर्य ने साधकों को एक घंटे का हास्ययोग कराया। केंद्र की संचालिका हेमलता अजमेरा ने बताया कि कार्यक्रम में 30 से 40 साधकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डॉ. तरु गुप्ता, आभा अरोरा ने रमेश मौर्य का सम्मान किया।

## मातृशक्ति कावड़ यात्रा शुरू

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राजेन्द्र नगर क्षेत्र के दत्त नगर चौराहा से अन्नपूर्णा मंदिर तक के लिए आज शिवाय मातृशक्ति संगठन के बैनर तले मातृशक्ति कावड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। कावड़ यात्रा दत्त नगर से निकल चुकी है और अन्नपूर्णा मंदिर पहुंचेगी। योगेन्द्र सोनी मित्र मंडल के साथ भाजपा नेता और नेत्रियों का भी इसमें योगदान है।

# वार्ड 49 में जगमगाएगी सेंट्रल लाइटिंग

## तैयार नई सड़क के बड़े हिस्से में होगी रोशनी

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 49 के अंतर्गत मनीष मेडिकल लाइन से लेकर यूको बैंक तक के बड़े हिस्से में सालों पुराना अंधेरा दूर करने के लिए अब निगम का विद्युत विभाग यहां जल्द नई तैयार सड़क पर सेंट्रल लाइटिंग लगाने की तैयारी शुरू करेगा। जिसको लेकर निगम विद्युत विभाग द्वारा ऑनलाइन निविदा जारी कर अपने स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। जिसके तहत कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों में बेहद जल्द तिलक नगर क्षेत्र में एसकेपी स्कूल के पास से लेकर मनीष मेडिकल होते हुए यूको बैंक तक के बड़े हिस्से में रोशनी के लिए निगम के विद्युत विभाग द्वारा 20 से ज्यादा नए



इलेक्ट्रिक पोल लगाकर उन पर आकर्षक एलइडी लाइटिंग लगाई जाएगी। जिसको लेकर सेंट्रल डिवाइडर और लाइटिंग लगाने के लिए निविदा भी जारी हो चुकी है। वहीं अब बेहद जल्द विद्युत विभाग द्वारा इस क्षेत्र का सालों पुराना अंधेरा दूर करने के लिए आकर्षक एलइडी लाइटिंग और पोल लगाने का काम बेहद जल्द शुरू किया जाएगा। दरअसल जिस हिस्से में आधी से ज्यादा सड़क बनकर तैयार हो चुकी है। वहां क्षेत्र के व्यापारियों और रहवासियों की मांग पर विधायक महेंद्र हार्डिया और क्षेत्रीय पार्षद राजेश उदावत के प्रयासों से उस हिस्से में करीब 15 से 20 नए बिजली के पोल लगाकर उन पर 40 के आसपास तेज रोशनी के लिए आकर्षक एलईडी लाइटिंग लगवाने की तैयारी है। जिसको लेकर निगम के विद्युत विभाग द्वारा पिछले दिनों निविदा प्रक्रिया के बाद अब क्षेत्र के लोगों की मांग पर तेज रोशनी वाली नई एलईडी और पोल लगाने के लिए बीच के हिस्से में सेंट्रल पोल के लिए ठिए बनाने का काम भी शुरू कर दिया है। यही नहीं कहा जा रहा है कि जल्द बीच के हिस्से में नए खम्बे लगाकर उन पर रोशनी के लिए लाइटिंग भी लगाई जाएगी ताकि तिलकनगर क्षेत्र में मेडिकल स्टोर से लेकर बैंक तक के हिस्से में लाइटिंग लगाकर उजाले का इंतजाम किया जा सकें जिससे आने जाने वालों की राह आसान होगी।

# कल निकलेगी पत्रकार कावड़ यात्रा

**श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर से मेलडेरेश्वर महादेव तक आयोजन**

**खरगोन ( ललित खेड़े )।** कल सावन के चौथे सोमवार पर पत्रकार कावड़ यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। बड़ी संख्या मे पत्रकार कावड़ लेकर कल सुबह 10 बजे से इस धार्मिक आयोजन में शामिल होंगे। लगातार चार वर्षों से पत्रकार परिवार यह कावड यात्रा निकाल रहा है। श्री सिद्धनाथ महादेव क़े कल अभिषेक के बाद यह यह पत्रकार कावड़ यात्रा बाबा मेलडेरेश्वर मंदिर के लिए निकलेंगी जहां बाबा का अभिषेक कर जल अर्पित कर,भोजन प्रसादी प्राप्त कर यात्रा समाप्त होगी। पत्रकार शशि शर्मा ने बताया कि सभी पत्रकार साथी खरगोन के साथ पूरे सम्भाग और प्रदेश के लिए खुशहाली की कामना भी भोलेनाथ से करेंगे। भजन, कीर्तन भी इस यात्रा में होंगे। रास्ते में जगह-जगह स्वागत भी होगा।



# हॉकी मैदान के लिए नहीं मिल रही है मूसाखेड़ी में ढंग की जगह

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** 80 साल से ज्यादा पुराने प्रकाश हॉकी क्लब में नई पौध के सैकड़ों बच्चे और भविष्य के युवा खिलाड़ियों के लिए मूसाखेड़ी क्षेत्र में हॉकी के लिए मैदान नहीं मिलने से क्षेत्र के सैकड़ों बच्चे मजबूरी में फुटपाथ के किनारे खेलने को मजबूर है। हालत यह है कि हॉकी को जिंदा रखने के लिए लंबे समय से कोच के रूप में अपना कीमती समय दे रहे हैं वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी और कोच अशोक यादव सालों से मूसाखेड़ी क्षेत्र के बच्चों को हॉकी सिखा रहें है। यही नहीं ढंग की जगह नहीं होने के बावजूद रोजाना बारिश में भी डेली कॉलेज के गेट के सामने फुटपाथ पर रोजाना दो से तीन घंटे बच्चों को प्रैक्टिस करवा रहे हैं और उन्हें हॉकी की बारीकी और गुर सिखा रहें है।

**मैदान की कमी के बावजूद बारिश में भी खुले प्रैक्टिस कराने की मजबूरी-** बच्चों को हॉकी की प्रैक्टिस करने के लिए कोच अशोक यादव, बालकृष्ण रायकवार सहित अन्य साथियों के बारिश के सीजन में भी हौसले की कमी नहीं है केवल अच्छे मैदान की कमी है। अच्छे खेल मैदान के लिए जगह नहीं होने के कारण बच्चे बारिश में भी खुले में फुटपाथ पर खेलने को मजबूर है। जबकि एक तरफ प्रदेश सरकार खुद खेलों को बढ़ावा देने की बात कर रही है तो वहीं दूसरी ओर विधानसभा 5 में इतनी सरकारी जमीन होने के बावजूद खेल के मैदान के लिए पर्याप्त जगह की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। खास बात यह है कि बच्चों के लिए हॉकी की प्रैक्टिस और खेलने के लिए मैदान के लिए जगह के लिए लगातार प्रयास करने के बाद भी प्रकाश हॉकी क्लब के जिम्मेदारों को सफलता नहीं मिल पा रही है। बड़ी बात यह है कि इसके लिए प्रकाश हॉकी क्लब के पदाधिकारी लंबे समय से प्रयास कर रहे हैं। यही नहीं प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट से लेकर क्षेत्रीय विधायक महेंद्र हार्डिया तक से हॉकी मैदान के लिए जगह को लेकर मांग रख चुके हैं। लेकिन इतने समय बाद भी प्रकाश हॉकी क्लब को मैदान के मामले में सफलता नहीं मिल रही है। प्रकाश हॉकी क्लब के वरिष्ठ कोच अशोक यादव का कहना है कि हॉकी के प्रति युवा और बच्चों में खेल सीखने और खेलने की इच्छा शक्ति तो ध्यान में रखते हुए हम रोजाना मूसाखेड़ी क्षेत्र में डेली कॉलेज गेट के सामने फुटपाथ पर बच्चों को हॉकी की प्रैक्टिस करवा रहें है। क्लब के अध्यक्ष देवकीनंदन सिलावट ने बताया बच्चों को हाकी के प्रति लगन और सीखने की उत्सुकता को देखते हुए प्रकाश हॉकी क्लब के वरिष्ठ कोच अशोक यादव, रैकवार पहलवान सहित अन्य रोजाना बच्चों को तीन से चार घंटे हॉकी की प्रैक्टिस करवाते हैं। मैदान नहीं होने के बावजूद यहां रोजाना 50 से ज्यादा बच्चे हॉकी सीखने आते हैं। जिनमें 10 से लेकर 18 साल तक के बच्चे शामिल है। सीखने के लिए कुछ युवा कोच भी अपना योगदान देते हैं।

# बाबूलाल नगर क्षेत्र की खाली जगह पर होगा सौंदर्यीकरण

## सर्विस रोड के पास ग्रीन बेल्ट के हिस्से में मिलेगी बगीचे की सौगात

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विधानसभा 5 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 51 से जुड़े हिस्से मूसाखेड़ी रिंग रोड चौराहा के पास सर्विस रोड पर बाबूलाल नगर के सामने ग्रीन बेल्ट के लंबे समय से खाली पड़े उजाड़ हिस्से को संवारने के लिए निगम द्वारा करीब 55 लाख रुपए के आसपास खर्चकर सौंदर्यकरण के कई कार्य एक साथ शुरू किए जाएंगे। जिसको लेकर पूरी प्लानिंग के साथ यहां काम शुरू करने की तैयारी शुरू हो गई है।

**ग्रीनरी के साथ मिलेगा लंबा चौड़ा वाकिंग ट्रेक-**खास बात यह है कि बाबूलाल नगर और आसपास की बस्ती कॉलोनियों के रहवासियों को घर के नजदीक ग्रीन बेल्ट के हिस्से में चारों ओर ग्रीनरी के साथ आकर्षक बगीचे की सौगात मिलेगी। क्षेत्रीय वार्ड 51 के पार्षद मलखान कटारिया ने बताया नए बगीचे में लंबा - चौड़ा वाकिंग ट्रेक के साथ हरियाली और खेलकूद और मनोरंजन के साधन भी जुटाए जाएंगे। बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले चकरी फिसल पट्टी की व्यवस्था की जाएगी। वहीं बुजुर्गों के लिए शानदार रंगीन बेंचें लगाकर बैठक व्यवस्था की जाएगी। सौंदर्य करण के कार्यों के साथ रोशनी के लिए आकर्षक डिजाइनर पोल पर लाइटिंग लगाकर उजाले की व्यवस्था भी की जाएगी। जबकि अभी श्रीकृष्ण नगर और बाबूलाल नगर के रहवासियों के साथ मिलकर निगम के सहयोग से मानसून सीजन में एक से बढ़कर एक पेड़ - पौधे लगाने का अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

**विधायक के सहयोग से लगाएंगे जिम के उपकरण-** पार्षद मलखान कटारिया ने बताया अब नए तैयार होने वाले बगीचे में विधायक महेंद्र हार्डिया के सहयोग से लोगों की सेहत बनाने के लिए जिम के आधुनिक उपकरण भी लगवाए जाएंगे ताकि लोग सुबह - शाम घूमने के साथ घर के पास ग्रीन बेल्ट के हिस्से में तैयार बगीचे में सुबह शाम व्यायाम और कसरत भी कर सकेंगे।

# निगम के लाख प्रयास के बावजूद नहीं रुक रही बिजली की बर्बादी

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** इंदौर शहर में निगम अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के लाख प्रयासों के बावजूद बिजली की बर्बादी नहीं रुक रही है। हालत यह है कि जिम्मेदार अफसरों और कर्मचारियों के लाख दावों के बावजूद अभी भी कई क्षेत्रों में लगभग 8 से 10000 एलइडी लाइटिंग दिन-रात 24 घंटे फालतू जल रही है। जिसके कारण इनमें से आधे से ज्यादा लाइटिंग ऐसी है जो दिन-रात जलने के कारण जल्दी खराब हो रही है। यही नहीं विभिन्न क्षेत्रों और प्रमुख मार्ग की गलियों और कई कॉलोनियों में लगातार दिन-रात जलने से लंबे समय से खराब पड़ी और बंद है। जिसके कारण कई क्षेत्रों में अंधेरा पसरा है।



**लंबे समय से चल रहा सिस्टम बदलने का काम-** बड़ी बात यह है कि निगम द्वारा लंबे समय से 24 घंटे जलने वाली लाइटिंग का सिस्टम बदलने का दावा किया जा रहा है। उसके बावजूद अभी तक पालदा नाका से न्यू आरटीओ रोड के बड़े हिस्से के साथ हिम्मतनगर शिव पार्वती नगर, सांवरिया धाम से मूसाखेड़ी रिंग रोड चौराहे तक, पंचशील कॉलोनी, अजय बाग, कैलाशपुरी, न्यू पंचशील कॉलोनी, अलकापुरी, शांति नगर अमननगर, फिरदौस नगर, खाती मोहल्ला, बाबूलाल नगर, आजाद नगर मैंनरोड, भोलाराम उस्ताद मार्ग, शिवमपुरी कॉलोनी, ब्रह्मपुरी कालोनी, विष्णु पुरी, स्नेह नगर, सिंधी कालोनी सहित विभिन्न क्षेत्रों में आधी से ज्यादा लाइटिंग 24 घंटे जल रही है। जिससे बिजली की बर्बादी हो रही है। साथ ही दिन - रात जलती रहने से ये लाइटिंग जल्दी खराब भी हो रही है। जिसके कारण अक्सर आधी से ज्यादा जगह रात में इन लाइटिंग के बंद रहने से कई क्षेत्रों में अंधेरा फैला रहता है।

# सब्जियों के दाम में फिर आया ‘उछाल’

**भिंडी, प्याज और शिमला मिर्च के बढ़ गए भाव**



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** इन दिनों शहर में लगातार मानसून सीजन में बारिश की लंबी खेंच से एक बार फिर सब्जियों के दाम में उछाल आ गया है जिससे गिलकी, भिंडी, प्याज के साथ सूजना की फली, शिमला मिर्च और यहां तक कि पहले सस्ते बिक रहें टमाटर के भाव भी अचानक बढ़ गए है। थोक व्यापारी वीरेंद्र पाल के मुताबिक लगातार बारिश में खेज और कम बारिश के कारण एक बार फिर से ज्यादातर सब्जियां महंगी हो गई है जिससे थोक बाजार के साथ मूसाखेड़ी, पालदा, मालवामिल, छावनी, पाटनीपुरा सहित अन्य सभी जगह सब्जियां महंगी हो गई है।

**ज्यादातर सब्जियों में बढ़ गए भाव-**इनमें मुख्य रूप से गिलकी, भिंडी, सुरजना की फली ,प्याज, तरोई ,टमाटर, पत्ता गोभी, बैंगन सहित अन्य सभी सब्जियों के दामों में उछाल आ गया है। जिससे थोक भाव में 15 से 20 रुपए कीमत बढ़ने से खेरची बाजार में सब्जियों के भाव में भी बढ़त होने लगी है। इसके बाद जहां प्याज 40 से 50 रुपए किलो, टमाटर 40 से 60 रुपये किलो क्वालिटी अनुसार, गिल्की 50 से 60 सुरजना की फली 80 रुपए किलो , किकोड़े 170 से 200 रुपए किलो, शिमला मिर्च 60 से 70 रुपए किलो, भिंडी 40 से 50 रुपए किलो मैथी 70 से 80 रुपए किलो, पालक 50 से 60, पत्ता गोभी 15 से 20 रुपए प्रति नग बिकने लगा है। जबकि अदरक में उछाल से वर्तमान में 200 रुपए किलो के भाव पहुंच गया। दरसअल बारिश के बाद मौसम में ठंडक से लोगों को सर्दी जुकाम खांसी के लक्षण ज्यादा आने से अदरक की डिमांड बढ़ गई है। इससे अदरक के भाव में भी उछाल आ गया है। वहीं ज्यादातर सब्जियां महंगी हो गई।

संपादकीय

## राम मंदिर के चढ़ावे में चोरी से निर्माण के फैसलों तक, भरोसे की हर परत जांच के घेरे में

दान राशि में गड़बड़ियों को लेकर खुद सवालों के घेरे में रहे न्यास के पूर्व महासचिव चंपत राय का यह आरोप कि मंदिर निर्माण के कार्य में समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने मनमाने तरीके से निर्णय किए, कई गंभीर सवाल खड़े करता है। क्या मंदिर में ऐसी व्यवस्था कायम होगी, जो निष्पक्ष, पारदर्शी और जवाबदेह हो, ताकि भविष्य में आस्था के साथ किसी तरह का खिलवाड़ न हो! अयोध्या में राम मंदिर के चढ़ावे में चोरी के मामले ने निश्चित तौर पर लोगों की आस्था को ठेस पहुंचाने के साथ उनके भरोसे को कमजोर किया है। किसी के लिए भी यह सोचना आश्चर्यजनक है कि चढ़ावा चोरी में वही लोग शामिल थे, जिन पर उसका हिसाब रखने की जिम्मेदारी थी। हालांकि, माना जा रहा था कि इस मामले की एसआइटी जांच से सारा सच सामने आ जाएगा, लेकिन अब इस जांच पर ही सवाल उठने लगे हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि खबरों के मुताबिक जांच रिपोर्ट में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के उन तात्कालिक प्रमुख पदाधिकारियों का कोई जिक्र नहीं है, जिन पर वित्तीय प्रबंधन का पूरा दारोमदार था। यही नहीं, अब आरोपों का दायरा चढ़ावा चोरी से आगे बढ़कर राम मंदिर निर्माण तक जा पहुंचा है। दान राशि में गड़बड़ियों को लेकर खुद सवालों के घेरे में रहे न्यास के पूर्व महासचिव चंपत राय का यह आरोप कि मंदिर निर्माण के कार्य में समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने मनमाने तरीके से निर्णय किए, कई गंभीर सवाल खड़े करता है। ऐसे में यह प्रश्न अब हर किसी के मन में उठने लगा है कि क्या राम मंदिर के कार्य और प्रबंधन में और भी ऐसी परतें हैं, जिनका खुलना अभी बाकी है! इसमें दोराय नहीं कि मंदिर में चढ़ावे के रूप में आने वाला हर एक रुपया लोगों की अटूट श्रद्धा का प्रतीक होता है। हैरत की बात है कि न्यास के पदाधिकारी शुरू में चढ़ावा चोरी के आरोपों को सिरे से नकारते रहे, मगर जब आंतरिक जांच में गंभीर गड़बड़ियां सामने आईं, तो उन्होंने इसकी जिम्मेदारी लेने से ही इनकार कर दिया और सरकार से जांच कराने को कहा। इसके बाद ही एसआइटी का गठन हुआ। यह समझना मुश्किल है कि चढ़ावे में हो रही चोरी की न्यास के पदाधिकारियों को भनक क्यों नहीं लग पाई? क्या व्यवस्था की निगरानी के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति ही की जा रही थी? यह भी विचित्र है कि करोड़ों लोगों की आस्था पर आघात करने वाले इस मामले के सामने आने के बाद न्यास के किसी भी पदाधिकारी ने अपनी नैतिक जिम्मेदारी लेने का साहस नहीं दिखाया। जिन पदाधिकारियों ने इस्तीफे दिए, उसे भी इस मामले से खुद को अलग करने के प्रयास के रूप में ही देखा गया। इस मामले में राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा का कहना था कि उनका काम केवल निर्माण कार्यों को देखना है। साथ ही उन्होंने इस मामले की गंभीरता को रेखांकित करते हुए कहा था कि दान पात्रों की निगरानी और चौकसी में कमी रही, जिस कारण कुछ लोगों को वित्तीय हेराफेरी करने का मौका मिल गया। मगर अब न्यास के पूर्व महासचिव चंपत राय ने नृपेंद्र मिश्रा की कार्यप्रणाली को ही कठघरे में खड़ा कर दिया है। उनका दावा है कि कई बार निर्माण कार्यों को लेकर समिति में सर्वसम्मति से फैसले हुए, लेकिन बाद में नृपेंद्र मिश्रा के कहने पर उसमें बदलाव किए गए। इन आरोपों से यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या राम मंदिर के निर्माण कार्य में भी अनियमितताएं हुई हैं? इससे बड़ी विडंबना और क्या हो सकती है कि राम मंदिर का प्रबंधन जहां आदर्श तरीके से होना चाहिए था, वहीं ईमानदारी की मर्यादाओं को ताक पर रख दिया गया। बहरहाल, अब देखना यह है कि क्या मंदिर में ऐसी व्यवस्था कायम होगी, जो निष्पक्ष, पारदर्शी और जवाबदेह हो, ताकि भविष्य में आस्था के साथ किसी तरह का खिलवाड़ न हो!

# ऑपरेशन नाइट डोमिनेशन... इंदौर पुलिस का असामाजिक तत्वों पर बड़ा प्रहार

### 1218 बदमाशों की चेकिंग, 524 पर वैधानिक कार्रवाई

**इंदौर।** शहर में अपराध और अपराधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाने के उद्देश्य से इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा बीती शाम से देर रात तक चारों जोन में एक साथ विशेष ऑपरेशन नाइट डोमिनेशन चलाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों के नेतृत्व में उतरी पुलिस टीमों ने सरप्राइज चेकिंग, कॉम्बिंग गश्त और पैदल मार्च कर गुंडे-बदमाशों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की।

अभियान के दौरान पुलिस ने पूरे शहर में 1218 से अधिक अपराधियों और संदिग्धों को चेक किया, जिनमें से 524 बदमाशों के खिलाफ कड़े वैधानिक कदम उठाए गए।पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए कुल 275 वारंट तामील कराए। इनमें 85 स्थाई वारंट, 76 गिरफ्तारी वारंट और 114 जमानती वारंट शामिल हैं।शराब पीकर तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने वाले 147 चालकों को पकड़ा गया, जिनके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई की गई।खुले और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले 24 लोगों और अवैध मादक पदार्थों का सेवन करने वाले 3 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें हिरासत में लिया गया।आदतन अपराधियों और उपद्रवियों पर लगाम कसते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 75 बदमाशों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। शहर के हॉटस्पॉट, संकरी गलियों, मल्टियों और शैडो एरिया में पुलिस ने पैदल गश्त के साथ-साथ ड्रोन कैमरों से विशेष निगरानी रखी। इस दौरान 210 गुंडे-बदमाशों, 86 चाकूबाजों, 73 नकबजनों, 30 लूट के आरोपियों, 130 निगरानी बदमाशों और 36 जिलाबदर अपराधियों सहित 565 से ज्यादा लिस्टेड बदमाशों की जांच की गई। सभी को भविष्य में किसी भी आपराधिक गतिविधि से दूर रहने की सख्त हिदायत दी गई। अभियान के तहत सक्रिय बदमाशों को थानों पर बुलाकर उनसे अद्यतन डोजियर भरवाए गए। कई आदतन अपराधियों को रेड और येलो नोटिस जारी कर चेतावनी दी गई कि पुनः अपराध करने पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही कई बदमाशों को भविष्य में अपराध न करने की शपथ भी दिलाई गई। देर रात चले इस चेकिंग अभियान में पुलिस ने शहर के होटलों, लॉज, रैन बसेरों और ढाबों की भी औचक जांच की, जिससे कई पुराने और वांछित फरार आरोपी भी पुलिस के हत्थे चढ़े। गश्त के दौरान पुलिस अधिकारियों ने आमजन से जनसंवाद कर उन्हें साइबर क्राइम, महिला सुरक्षा, नशे के दुष्परिणाम और यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया।

# शराब के नशे में धुत युवकों ने पेट्रोल पंप कर्मी को पीटा

**इंदौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र के रिंगरोड स्थित पेट्रोल पंप पर शराब के नशे में धुत होकर आए तीन युवकों ने पेट्रोल पंप कर्मचारी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। मना करने पर आरोपियों ने कर्मचारी को जान से मारने की धमकी भी दी।

**पेट्रोल देने से मना करने पर दी जान से मारने की धमकी**

पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी विकास पिता किशोर ओटकर निवासी लाबरिया भेरू ने चंदन नगर थाने में दर्ज शिकायत में बताया कि वह सांई प्रेम फिलिंग स्टेशन पर काम करता है। रात में दो मोटरसाइकिलों पर तीन युवक शराब के नशे में धुत होकर अपनी गाड़ियां लहराते हुए पेट्रोल पंप पर पहुंचे और पेट्रोल भरने को कहा। जब फरियादी ने उनसे कहा कि वे बहुत अधिक शराब पिए हुए हैं, तो तीनों युवक भड़क गए और गाली-गलौज करने लगे। फरियादी द्वारा गाली देने से मना करने पर आरोपियों ने उसके साथ हाथ-थप्पड़ों से मारपीट शुरू कर दी। विवाद होता देख जब विकास का साथी दीपेश पाल बीच-बचाव करने आया, तो आरोपियों ने उन्हें धमकी दी कि आइंदा पेट्रोल देने से मना किया तो जान से खत्म कर देंगे। पुलिस ने फरियादी विकास की रिपोर्ट पर आरोपी गोपाल गोस्वामी, गौरव मतकर दोनों निवासी बाराभाई, महू नाका और आकाश विश्वकर्मा निवासी प्रजापत नगर के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



# केन्द्रीय पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति की बैठक

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** संभागायुक्त भास्कर लक्षकार की अध्यक्षता में शासकीय श्री अहिल्या केन्द्रीय पुस्तकालय इंदौर की परामर्शदात्री समिति की बैठक कल आयोजित की गई। संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि दुर्लभ और महत्वपूर्ण पुस्तकों का अलग से कार्नर बनाये और उसकी निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित करें। पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों का डिजिटल कैटलॉक तैयार कर आम लोगों की पहुंच में लाने के प्रयास प्रारंभ किया जाए। पुस्तकालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के अध्ययन के लिये समय बढ़ेगा। प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा भी की गई। पुस्तकालय में अध्ययन करने वाले पाठकों और विद्यार्थियों को और बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिये उपलब्ध पुस्तकों एवं पत्रिकाओं की सूची का डिजिटायलेशन किया जाये, ताकि आम पाठक घर बैठें भी पुस्तकालय में उपलब्ध किताबों की जानकारी प्राप्त कर सकें। सभी पुस्तकों की सूची को पब्लिक डोमेन या ओरा सॉफ्टवेयर पर उपलब्ध कराने के प्रयास किये जाये। पुस्तकालय में वर्षों पुराने कई गजट और पुरानी पुस्तके सहित पत्रिकाएं उपलब्ध है उन्हें व्यवस्थित किया जाये। संभागायुक्त ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से संवाद कर उनसे आवश्यक सुझाव लिये। सम्पूर्ण परिसर का अवलोकन भी किया, आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। हर्षिता डेविड, डॉ. परीक्षित झाड़े, अनिता चौहान, शोर्य मल्होत्रा, डॉ डीके अग्रवाल, डॉ. अनिल भंडारी, अतुल सेठ और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# एमवाय अस्पताल में खाना देने आए युवक से गार्डों ने की मारपीट

**इंदौर।** संयोगितागंज थाना क्षेत्र में एमवाय अस्पताल के गेट नंबर 02 पर मरीज के परिजन के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। अस्पताल परिसर में तैनात गार्डों पर फरियादी के साथ गाली-गलौज और हाथ-थप्पड़ों से मारपीट करने का आरोप लगा है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी राहुल पिता दयाराम विश्वकर्मा निवासी गुरुशंकर नगर ने संयोगितागंज थाने में शिकायत दर्ज कराई है। राहुल ने बताया कि उनके परिजन एमवाय अस्पताल में भर्ती हैं और वह उन्हें खाना देने के लिए अस्पताल आया था। जब वह एमवायएच के गेट नंबर 02 से अंदर जाने लगा, तो वहां तैनात गार्डों ने उसे रोक लिया। फरियादी का आरोप है कि बातचीत के दौरान गार्डों ने विवाद करते हुए उसके साथ अभद्र व्यवहार किया और गालियां दीं। जब उसने इसका विरोध किया तो गार्डों ने उसके साथ हाथ-थप्पड़ों से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में फरियादी को चोटें आईं। संयोगितागंज थाना पुलिस ने फरियादी राहुल की रिपोर्ट पर आरोपी गार्डों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पार्टनर से धोखाधड़ी पर अब होगा प्रकरण दर्ज

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** न्यायिक मजिस्ट्रेज प्रथम श्रेणी इंदौर की अदालत में भागीदारों के बीच खरीदी गई करोड़ों रुपयों की संपत्ति में फर्म से रिटायर्ड भागीदार को सम्पत्ति का हिस्सा नहीं देने पर उसके परिवाद पर से अदालत ने दूसरे सक्रिय भागीदार कविकुमार पिता मुलतानीमल गवलानी इंदौर के खिलाफ पुलिस थाना राऊ, जिला-इंदौर को धारा 316 (2) एवं 3 (5) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अभियुक्त के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर मामले की जॉच रिपोर्ट अनुसंधान कर अदालत में प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। जिसके पालन में पुलिस थाना राऊ द्वारा फरियादी मुरलीधर सेवानी की रिपोर्ट पर से आरोपी कविकुमार गवलानी एवं उसका भतीजा सागर पिता भरत गवलानी के विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया है। 40 हजार वर्ग फीट की जमीन की कीमत 3 करोड़ रु. बताई जा रही है, जिसमें आधा योगदान परिवादी का था। फरियादी के खाते की पूंजी नहीं लौटाई और सम्पत्ति का भाग नहीं दिया। माननीय न्यायाधीश ने शिकायत और दस्तावेज के आधार पर पुलिस को निर्देश दिए हैं। प्रकरण में परिवादी की ओर से अधिवक्ता के.पी. माहेश्वरी, प्रतीक माहेश्वरी, पवन तिवारी, अमृता सोनकर, पुनीत माहेश्वरी, सुनिल यादव, हरिओम परमार, अनुराग कुशवाहा, अर्जुन प्रजापति, महक मिरानी द्वारा पैरवी की गई।

# पुलिस की पाठशाला में जिम्मेदारी का पाठ

**कानून, अधिकार, सुरक्षा और जिम्मेदारी की हो रही है बात**



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पुलिस द्वारा विद्यार्थियों में सामान्य कानून की जानकारी, उत्तरदायी नागरिकता, सुरक्षा बोध तथा पुलिस और समुदाय के बीच विश्वास एवं संवाद को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से 'जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद' कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। छात्रों को कानून, सुरक्षा और विभिन्न सामाजिक विषयों के प्रति जागरूक किया गया। छात्रों को पुलिस थाना परदेशीपुरा का भ्रमण कराकर पुलिस की कार्यप्रणाली से रूबरू किया। कई विद्यालयों में पुलिस के निर्देश पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।



## बाल अपराध निवारण और संरक्षण पर कार्यशाला

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इन्दौर पुलिस द्वारा बाल अपराधों की रोकथाम एवं संरक्षण तथा इससे संबंधित जागरूकता लाने के उद्देश्य से ऊर्जा डेस्क प्रभारियों व बाल कल्याण अधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन पुलिस आयुक्त कार्यालय के मीटिंग हॉल में किया गया। अधिकारी आर.के. सिंह, प्रियंका डुडबे की मौजूदगी थी। धर्मेन्द्र पंड्या, विजय यादव, अर्चना सहाय, आस्था सक्सेना ने अपनी भूमिका निभाई।

# कनाड़िया बायपास के बोगदे में अब नहीं लगेगा महाजाम

**इंदौर।** कनाडिया बाईपास के बोगदे में आए दिन लगने वाला महा जाम अब नहीं लगेगा। क्योंकि निगम द्वारा यहां लगने वाले महाजाम से मुक्ति के लिए नए लेफ्ट टर्न का निर्माण कार्य और इसके चौड़ीकरण का कार्य तेजी के साथ शुरू कर दिया है। जिसका बड़ा फायदा यह होगा कि अब भंडारी रिसोर्ट के सामने कनाडिया रोड के संकरे बोगदे में आए दिन लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिलेगी। यही नहीं रिंगरोड से आकर बायपास फिनिक्स मॉल की तरफ जाने वाले वाहन लेफ्ट टर्न के बनकर तैयार होने से आसानी से निकल जाएंगे।

जबकि अभी रोजाना शाम को यहां भारी जाम लगता है। जिसमें फंसने से सैकड़ों वाहन चालक रोजाना परेशान हो रहे हैं। यही नहीं दिन में भी और ज्यादा हालत खराब रहती है जब स्कूली बसें और अन्य वाहन संकरे बोगदे के आसपास लेफ्ट टर्न तैयार नहीं होने से जाम के कारण घंटों एक ही स्थान पर वाहनों के रेलम पेल में फंसकर रोजाना परेशान होते रहते हैं। यही नहीं जाम के दौरान तीन - तीन पुलिस वाले मिलकर भी इस दौरान ट्रैफिक की बिगड़ी व्यवस्था नहीं संभाल पाते।



## 125 युवा बने बिजली कंपनी के कार्यालय सहायक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले भर्ती अभियान के अंतर्गत मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कार्यालय सहायक श्रेणी 3 के लिए चयनित 125 युवाओं को नियुक्ति पत्र का वितरण कर दिया है। कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि इंदौर क्षेत्र में 63 एवं उज्जैन क्षेत्र में 62 युवाओं को कार्यालय सहायक श्रेणी 3 के नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं। इनमें से करीब 90 युवाओं ने इस पद पर जॉइनिंग भी दे दी हैं। शेष युवा कुछ दिनों में जॉइनिंग देंगे।

## फुटबॉल स्पर्धा में 19 स्कूली टीमों ने शिरकत की

**इंदौर।** ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, राजेंद्र नगर ने 17 से 20 अगस्त तक इंटर-स्कूल फ्रीडम फुटबॉल कप 2026 का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिसमें इंदौर की 19 टीमों ने हिस्सा लिया। डीपीएस निपानिया, श्री सत्य साई, एकायाना स्कूल, मिलेनियम स्कूल और सेंट रेफियल्स अपनी-अपनी आयु वर्ग में ट्रॉफी विजेता बने । स्कूल ने इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान के लिए प्रिंसिपल रुचि जैन, दिव्येंद्र कन्नौजिया और इवेंट कोऑर्डिनेटर इमरान खान और रमीज़ रज़ा का आभार व्यक्त किया। स्कूल ने सभी भाग लेने वाले स्कूलों, कोचों और छात्रों की सराहना की और भविष्य में ऐसे और भी खेल आयोजन करने की उम्मीद जताई।

## जिला कराते स्पर्धा में 600 खिलाड़ी शिरकत कर रहे

**इंदौर।** इंदौर डिस्ट्रिक्ट कराते एसोसिएशन की मेजबानी में इंदौर जिला कराते स्पर्धा की रंगारंग शुरुआत डेली कॉलेज में हुई। बालक और बालिका वर्ग की दो दिवसीय स्पर्धा का शुभारंभ डेली कॉलेज बोर्ड गवर्नर्स बॉडी के प्रेसिडेंट विक्रम सिंह पुआर के मुख्य आतिथ्य में हुआ । स्पर्धा में 85 स्कूलों के 600 खिलाड़ी शिरकत कर रहे है। पहले दिन बालिका वर्ग में कुमिते और काता के रोचक मुकाबले हुए। समारोह के विशेष अतिथि क्राइम ब्रांच के एसआई शिवम ठक्कर, श्वेतांक वर्मा थे । अतिथि स्वागत जिला कराते एसोसिएशन के चेयरमैन सुभाष सातालकर, सचिव विनय यादव, नारायण चंदेलिया, निकेश कटारिया, अरविंद वर्मा ने किया। स्पर्धा में रविवार को बालक वर्ग के मुकाबले होंगे।

# इंदौर के सारांश को मिला कोलंबो टेस्ट में मौका

**कोलंबो ।** भारत बनाम श्रीलंका, दो टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला आज से शुरू हुआ, यह मैच कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब में खेला जा रहा है। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला लिया है। इस मुकाबले के जरिए इंदौर के 33 वर्षीय सारांश जैन ने अपना डेब्यू किया है । ऑफ-स्पिनर सारांश को डेब्यू कैप रवींद्र जडेजा ने थमाई ।

### कुलदीप की जगह खेल रहे सारांश

बता दें कि कुलदीप को ड्रॉप नहीं किया गया है। भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड ने कुलदीप को लेकर अपडेट दिया । बीसीआई के मुताबिक कुलदीप यादव वायरल बीमारी से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं, जिसके कारण वो चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे । बीसीसीआई ने ये भी बताया कि जरूरत पड़ने पर कुलदीप कन्कशन सब्स्टीट्यूट के तौर पर मैदान पर उतर सकते हैं।

### दोनों सलामी बल्लेबाजी जमें

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ने अच्छी शुरुआत दी और 7 ओवर में बिना किसी नुकसान के 18 रन बना लिए थे।

# जिला जेल के सामने से लेकर आकाशवाणी केंद्र तक हो रहा फुटपाथ संवारने का काम

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 54 के अंतर्गत जिला जेल के सामने के जेल अधीक्षक के बंगले के सामने से लेकर आकाशवाणी केंद्र के सामने तक के बड़े हिस्से में इन दिनों सालों पुराने फुटपाथ पर लगे ऊबड़-खाबड़ टूटे ब्लॉक हटाकर उसकी जगह आकर्षक नई डिजाइन के ब्लॉक लगाकर नवीन फुटपाथ निर्माण का कार्य तेजी के साथ चल रहा है। यही नहीं एक ओर क्षेत्र के रहवासियों के लिए नए ब्लॉक लगाकर फुटपाथ तैयार किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर खूबसूरती और सुंदरता बढ़ाने का प्रयास भी किया जा रहा है। जिसका फायदा क्षेत्र के अधिकारियों और अन्य रहवासी परिवारों को आने वाले दिनों में मिलेगा।

**धूल और कीचड़ से मिलेंगी राहत, घर के सामने नजर आएगी–** सुंदरता-यही नहीं सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि घर और बंगलो के सामने कीचड़ और धूल से भी लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही क्षेत्र के रहवासियों को सुबह-शाम घूमने के लिए घर के सामने ही नया आकर्षक वाकिंग ट्रेक की सौगात भी मिल जाएगी, जिससे लोगों को दोहरा फायदा होगा। एक तरफ नया फुटपाथ बन जाएगा जिससे पैदल घूमने वालों को भी सुविधा हो जाएगी।



# मेरा काम ट्रॉफियां जीतना है, व्यूज और लाइक्स पाना नहीं: गंभीर

**कोलंबो।** श्रीलंका के खिलाफ भारतीय टीम आज से टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला खेल रही है । इस मैच से पहले टीम इंडिया की तरफ से हेड कोच गौतम गंभीर मीडिया से बात करने पहुंचे। दो मैचों की टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया 1-0 से आगे चल रही है। दूसरे मैच जीतकर भारत सीरीज पर कब्जा जमाना चाहेगी। करीब तीन साल से भारत घर से बाहर टेस्ट सीरीज नहीं जीता है।

गौतम गंभीर के हेड कोच बनने के बाद टीम इंडिया का प्रदर्शन टेस्ट में निराशाजनक रहा है। टीम दो घरेलू समेत तीन बड़ी टेस्ट सीरीज हार चुकी है। गौतम गंभीर ने कहा, रैंकिंग से कोई फर्क नहीं पड़ता। हम संघर्ष नहीं कर रहे हैं। इंग्लैंड दौरे के बाद से हम लगातार अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं। मेरा काम ट्रॉफी जीतना है। मैं बस इसी में यकीन रखता हूं और इसी की परवाह करता हूं। यही मुझमें और बाकी लोगों में फर्क है। मुझे व्यूज या लाइक्स की परवाह नहीं है।

भारत के लिए गाले में हुए पहले टेस्ट में देवदत्त पडिक्कल ने 167 रनों की पारी खेली। वहीं बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार ने 10 विकेट लिए। यह पडिक्कल के करियर का तीसरा जबकि सुथार का दूसरा टेस्ट मैच था। गंभीर ने उनके प्रदर्शन पर कहा- बहुत ही संतोषजनक अभी और काम करना बाकी है। भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छी बात है कि नतीजे तुरंत मिले। सिर्फ एक मैच के आधार पर खिलाड़ियों को आंकना सही नहीं है।

गौतम गंभीर ने कुलदीप यादव का सपोर्ट करते हुए कहा कि उन्हें अपना बेस्ट स्पेल डालना चाहिए और विकेट लेने के लिए बेताब नहीं होना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि 20 विकेट लेने वाली सर्वश्रेष्ठ प्लेइंग इलेवन चुनना ही अहम होगा। पहले टेस्ट में कुलदीप यादव ने सबसे कम ओवर डाले थे। उनके कम ओवर फेंकने पर गंभीर ने कहा कि यह कप्तान का फैसला होता है, जो उस समय उन्हें सही लगता है।

# ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 210 पर सिमटी

## बांग्लादेश की भी खराब शुरुआत

**मैके।** ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच मैके के ग्रेट बैरियर रीफ में खेला जा रहा है। इस मैच में आज दूसरे दिन का खेल जारी है। टेस्ट मैच के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बांग्लादेश को बल्लेबाजी के लिए कहा। पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश की टीम पहली पारी में सिर्फ 64 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से मिचेल स्टार्क ने सबसे ज्यादा 6 विकेट लिए। जवाब में पहले दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने भी 8 विकेट के नुकसान पर 165



रन बना लिए थे।

दूसरे दिन के खेल के पहले सेशन में बांग्लादेश के गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया को जल्दी ही ऑलआउट कर दिया। पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया की टीम 210 रन बनाने में कामयाब रही और उन्हें 146 रनों की बढ़त मिली। बांग्लादेश के लिए शोरिफुल इस्लाम सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने पहली पारी में कुल 7 विकेट अपने नाम किए। इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम भी 44 रन के स्कोर पर 3 विकेट गंवा चुकी थी। उनकी टीम अभी भी ऑस्ट्रेलिया से 102 रन पीछे है।

# त्रिसा-गायत्री कांस्य विजयी भारत का मेडल रिकॉर्ड बरकरार

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला डबल्स जोड़ी त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में इतिहास रचते हुए ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम कर लिया है। इस ऐतिहासिक पदक के साथ ही इस भारतीय जोड़ी ने घरेलू सरजमीं पर विश्व चैंपियनशिप के हर सीजन में भारत के पदक जीतने के सिलसिले को बरकरार रखा है। दुनिया की 39वें नंबर की इस जोड़ी ने सेमीफाइनल मुकाबले में चीन की विश्व नंबर-1 और मौजूदा चैंपियन लियू शेंग शू और तान निंग को कड़ी टक्कर दी, हालांकि 1 घंटे 11 मिनट तक चले रोमांचक मैच में उन्हें 21-18, 13-21, 8-21 से हार का सामना करना पड़ा।



त्रिसा और गायत्री

**आक्रामक खेल और दर्शकों का जबरदस्त समर्थन–** घरेलू दर्शकों के शोर और समर्थन के बीच त्रिसा और गायत्री ने पहले गेम में शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। त्रिसा जॉली ने फ्रंटकोर्ट और बैककोर्ट दोनों जगह से दमदार प्रदर्शन किया, जबकि गायत्री ने मिडकोर्ट पर बेहद सतर्क रहते हुए बेहतरीन खेल दिखाया। एक समय 15-18 से पिछड़ने के बाद भारतीय जोड़ी ने लगातार 6 अंक हासिल करते हुए पहला गेम 21-18 से जीतकर विश्व चैंपियन चीनी जोड़ी को हैरान कर दिया।

**चीनी जोड़ी की वापसी और दूसरे गेम का मोड़-** दूसरे गेम की शुरुआत में भी 12-12 की बराबरी तक कड़ा मुकाबला देखने को मिला। इसके बाद चीनी जोड़ी ने अपनी रणनीति बदलते हुए लंबे रैलियों पर भरोसा दिखाया और भारतीय जोड़ी पर दबाव बनाना शुरू किया। भारतीय खिलाड़ियों से गलतियां होने लगे, जिसका फायदा उठाते हुए तान और लियू ने लगातार 8 अंक बनाकर दूसरे गेम को 21-13 से अपने नाम कर लिया और मैच में 1-1 की बराबरी कर ली।

### *निर्णायक गेम में मिली हार*

*तीसरे और निर्णायक गेम में चीनी जोड़ी ने अपना दबदबा पूरी तरह बनाए रखा। दूसरे गेम से मिली लय के दम पर उन्होंने शुरुआत से ही बढ़त बना ली, जिसका भारतीय जोड़ी के पास कोई जवाब नहीं था। त्रिसा और गायत्री तीसरे गेम को 8-21 से गंवा बैठीं। भले ही भारतीय जोड़ी फाइनल में जगह बनाने से चूक गई, लेकिन इस विश्व चैंपियनशिप में उनका सफर शानदार रहा और कांस्य पदक जीतकर उन्होंने वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।*

# भारत-नीदरलैंड्स मैच देखने पहुंचे क्रिकेट और बॉलीवुड के दिग्गज

**नई दिल्ली।** एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2026 के दूसरे दौर के बेहद महत्वपूर्ण मुकाबले में शनिवार को जब भारत और नीदरलैंड्स की टीमें आमने-सामने हुईं, तो स्टेडियम में खेल जगत और सिनेमा की बड़ी हस्तियां भी मौजूद रहीं। एफआईएच के अध्यक्ष तैयब इकराम के विशेष निमंत्रण पर बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन, भारत के पूर्व मुख्य कोच व दिग्गज क्रिकेटर राहुल द्रविड़ और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व महान कप्तान स्टीव वॉ इस मैच के देखने के लिए स्टेडियम पहुंचे।

ये तीनों दिग्गज हस्तियां हाल ही में शुरू की गई यूरोपीय टी20 लीग से जुड़ी हुई हैं, जो अपने पहले सीजन की तैयारियों में जुटी है। अभिषेक बच्चन इस नई लीग के सह-संस्थापक हैं। वहीं, राहुल द्रविड़ डबलिन-बेस्ड द गार्डियंस और स्टीव वॉ एम्स्टर्डम फ्लेम्स फ्रेंचाइजी के को ओनर हैं। दोनों खिलाड़ी क्रिकेट के सबसे बड़े दिग्गजों में से एक रहे हैं। पूल डी की तालिका में दूसरे स्थान पर रहने के बाद



भारतीय हॉकी टीम के लिए यह मुकाबला करो या मरो की स्थिति जैसा था। सेमीफाइनल में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए भारत को दूसरे दौर के अपने दोनों मुकाबलों में जीत दर्ज करना बेहद जरूरी था, लेकिन टीम इंडिया पहला मैच हार गई है। भारत को नीदरलैंड्स ने यह मैच 3-1 से हराया। भारत के पास अभी भी सेमीफाइनल में पहुंचने का मौका है, लेकिन टीम इंडिया के लिए ऐसा कर पाना आसान नहीं होगा। भारत को अगर सेमीफाइनल में पहुंचना है तो उन्हें अर्जेंटीना के खिलाफ अपना अगला मुकाबला किसी भी हाल में बड़े अंतर से जीतना होगा। इसके अलावा भारत को अपने ग्रुप के अन्य मैचों के रिजल्ट पर निर्भर होना पड़ेगा।

## विश्वास ने जीता स्वर्ण पदक



**इंदौर।** सभागीय शालय कुश्ती प्रतियोगिता खंडवा जिले मे सम्पन्न हुई जिसमें श्री विराट व्यायामशाला श्री चंदन गुरु के शिष्य विश्वास मिश्रा 48 किलो वर्ग मे स्वर्ण पदक प्राप्त किया। पूर्व मे मल्हार आश्रम मे सम्पन्न हुई कुश्ती प्रतियोगिता मे भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर रमेश यादव पहलवान, विजय सिंह वर्किया, मन्नू यादव, विकास मिश्रा, चन्दन सिंह बेस, लक्ष्मण सिंह वर्किया, अवधेश तिवारी, मनीष नामदेव इन सब ने बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# योगासन प्रतियोगिता में जागृति का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**इंदौर।** न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने 14 से 17 अगस्त तक इंदौर के चमेली देवी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में आयोजित सीबीएसई वेस्ट ज़ोन योगासन प्रतियोगिता 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में अंडर-17 गर्ल्स आर्टिस्टिक सिंगल वर्ग में जागृति शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया।



वहीं बालक वर्ग की प्रतियोगिताएं मास्टरमाइंड स्कूल, सारंगपुर, राजगढ़ में आयोजित हुईं । अंडर-14 आर्टिस्टिक पेयर वर्ग में श्लोक वाघमारे एवं रुद्र मौर्य ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। इसी प्रतियोगिता के अंडर-14 आर्टिस्टिक सिंगल वर्ग में गुलाम मुहिउद्दीन ने चौथा स्थान प्राप्त किया।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर सिंधु मेंडके, विंस्टन गोमेज एवं प्रबंधक डी.एम. ठोकर एवं सीमांत श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए योग प्रशिक्षकों सुनील पांडरे, सोनिया कामिला, हिमांगनी गुप्ता एवं अमित चौधरी के मार्गदर्शन की सराहना की।

# वुशु चैंपियनशिप में 20 टीमों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की

**इंदौर।** तनीशा कप वुशु चैंपियनशिप इंदौर 2026 के समापन अवसर पर विक्रम पुरस्कार विजेता नीलम मिश्रा एव रवीन्द्र पाराशर थानाप्रभारी सेंट्रल कोतवाली इंदौर के अतिथ्य में हुआ लगभाग 20 टीमों के 200 खिलाड़ियों की टक्कर में ओवरऑल चैंपियनशिप ब्रिलियन कॉन्वेंट स्कूल ने अपने नाम की एवं दूसरे स्थान पर दी आर्या स्कूल एवं तीसरा स्थान इम्पैक्ट अकादमी रहा। सबजूनियर में प्रथम स्थान, चौहान अकादमी, दूसरा स्थान पर मास्टरमाइंड स्कूल, तीसरा स्थान पर दी आर्या स्कूल, जूनियर श्रेणी में प्रथम स्थान नॉर्बर्ट स्कूल, द्वितीया स्थान .दी आर्या स्कूल, तीसरा स्थान कॉन्वेंट स्कूल का रहा। सीनियर श्रेणी में पहला स्थान एक्स्ट्रीम क्लब, दूसरा स्थान इम्पैक्ट अकादमी में तीसरा स्थान चौहान अकादमी प्राप्त किया। उक्त जानकारी वुशु एसोसिएशन सचिव इंद्रदेव शर्मा ने दी।

# मेसी ने खिलाड़ी को जड़ा थप्पड़, अब भारी जुर्माना

**नई दिल्ली।** फुटबॉल के बड़े स्टार लियोनेल मेसी को मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में एक बड़ा झटका लगा है। फिलाडेल्फिया यूनियन के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान विपक्षी खिलाड़ी क्विन सुलिवन के साथ मैदान पर हुई कहासुनी की वजह से मेसी पर जुर्माना लगाया गया है। इस जुर्माने की रकम का खुलासा नहीं किया गया है। बहस के दौरान मेसी को सुलिवन के सिर और गर्दन के पीछे मारते हुए देखा गया था। इसी मैच में इंटर मियामी के डिफेंडर इयान



फ्रे पर भी मैच खत्म होने से ठीक पहले सुलिवन के साथ गलत व्यवहार करने की वजह से लीग ने जुर्माना लगाया है।

मैच के एक्स्ट्रा टाइम में मैदान के बीच में मेसी और सुलिवन के बीच तीखी बहस देखने को मिली थी। इस दौरान मेसी ने सुलिवन की गर्दन के पीछे हाथ चला दिया। हालांकि मैच के समय रेफरी ने इस बात पर कोई कार्ड नहीं दिखाया था, लेकिन बाद में वीडियो फुटेज देखने पर अधिकारियों ने पाया कि मेसी ने विपक्षी खिलाड़ी के चेहरे, सिर या गर्दन पर हाथ न लगाने के सख्त नियम को तोड़ा है। मेसी को इस नियम के तहत दूसरी बार सजा मिली है, इससे पहले फरवरी 2025 में न्यूयॉर्क सिटी एफसी के खिलाफ मैच में भी उन पर इसी नियम के तहत जुर्माना लगा था।

**मैच के आखिरी मिनटों का हंगामा और रेड कार्ड का विवाद-** मैच के आखिरी पलों में मैदान का माहौल काफी गरम हो गया था। पेनल्टी बॉक्स की तरफ गेंद लेकर भाग रहे सुलिवन से मियामी के इयान फ्रे भिड़ गए और उनकी गर्दन पकड़ ली, जिसके लिए फ्रे पर भी जुर्माना लगाया गया। वहीं मैदान के बाहर हुई लड़ाई के लिए मियामी के यानिक ब्राइट और फिलाडेल्फिया के कावन सुलिवन को रेफरी ने रेड कार्ड दिखा दिया था।



# मकान में लगी आग तो हुए धमाके

## टेस्टिंग के दौरान निकली चिंगारी तो फूटी बैटरियां

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**सुदामा नगर में कल दोपहर उस वक्त हड़कम्प मच गया जब बैटरियों से भरे मकान में आग लग गई। बैटरियों में तेज धमाके हुए और वे फट गई। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर आठ टैंकर पानी बहाकर काबू पाया।**

मिली जानकारी के अनुसार घटना स्मृति द्वार के समीप हुई। मकान प्रफुल्ल राजमल जैन का है, जहां मकान को गोदाम की तरह उपयोग किया जा रहा था। बड़ी तादाद में बैटरियां यहां रखी थी। इस दौरान बैटरी की टेस्टिंग की जा रही थी, तभी एक चिंगारी ने कुछ ही मिनट में विकराल आग का रूप ले लिया। गनीमत रही कि आगजनी में कोई हताहत नहीं हुआ।

# चोइथराम सब्जी मंडी में दुकान लगाने को लेकर विवाद

## युवक के साथ मारपीट करने वाले 4 आरोपियों पर केस दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के चौईथराम सब्जी मंडी में दुकान लगाने की बात पर विवाद के बाद एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पीड़ित को दुकान लगाने से रोकते हुए गालियां दीं और मना करने पर उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी प्रिंस पिता मुकेश पंवार निवासी चितावद आनंद नगर ने थाने में दर्ज शिकायत में बताया कि घटना चौईथराम सब्जी मंडी स्थित दुकान नंबर 175 की है। प्रिंस के मुताबिक उसके पड़ोस में रहने वाले आरोपी शंकर पिता कृष्णा योगी, उमेश पिता कृष्णा योगी, चिराग योगी और विनायक योगी सभी निवासी कबूतरखाना, नंदलालपुरा उसकी दुकान पर आए और वहां दुकान न लगाने की बात कहकर विवाद करने लगे। जब फरियादी ने विरोध करते हुए कहा कि दुकान उसके पिता के नाम पर है और वह दुकान लगाएगा, तो आरोपी गाली-गलौज करने लगे। फरियादी द्वारा गाली देने से मना करने पर चारों आरोपियों ने उसके साथ हाथ-थप्पड़ों से मारपीट शुरू कर दी। इस हमले में प्रिंस को गर्दन और दाहिने हाथ में चोटें आई हैं। राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने फरियादी प्रिंस पंवार की रिपोर्ट पर चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# आगामी त्योहारों के मद्देनजर पुलिस सख्त

## शैडो व संवेदनशील इलाकों में चलाया चेकिंग अभियान, ली मोहल्ला समिति की बैठक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में चंदन नगर थाना पुलिस ने क्षेत्र के शैडो एरिया और संवेदनशील इलाकों में विशेष चेकिंग व निगरानी अभियान चलाया।**




अभियान के दौरान पुलिस की टीमों ने मुख्य मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर गश्त करते हुए संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी और वाहनों की सघन जांच की। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई, साथ ही क्षेत्र से गुजरने वाले भारी वाहनों की भी जांच की गई।

कानून-व्यवस्था बनाए रखने और जनता से सीधा संवाद स्थापित करने के लिए पुलिस द्वारा मोहल्ला समिति की बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में स्थानीय नागरिकों से त्योहारों के दौरान शांति बनाए रखने, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत पुलिस को सूचना देने और व्यवस्था बनाने में सहयोग की अपील की गई।

## ओवरटेक के विवाद में मारपीट, कार सवार बदमाशों ने दोस्तों को डंडे से पीटा

**इंदौर।** भंवरकुआं थाना क्षेत्र में कार सही से चलाने की बात कहने पर कार सवार बदमाशों ने दो दोस्तों के साथ गाली-गलौज करते हुए डंडे से जमकर मारपीट की। हमला करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, फरियादी कमल पिता घनश्याम दास अमलानी निवासी शिवमपुरी कॉलोनी ने भंवरकुआं थाने में शिकायत दर्ज कराई है। कमल ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त सागर बजाज के साथ जा रहा था, तभी राजीव गांधी चौराहा पर पीछे से आए एक कार चालक ने उसकी गाड़ी को खतरनाक तरीके से ओवरटेक किया। इस पर फरियादी ने कार चालक से सही ढंग से वाहन चलाने को कहा। इसी बात से नाराज होकर कार सवार अज्ञात बदमाश गाली-गलौज करने लगे। जब कमल और उसके दोस्त ने गाली देने से मना किया, तो आरोपी व उसके साथी कार से उतरे और डंडे से उन पर हमला कर दिया। बदमाशों द्वारा किए गए इस हमले में कमल के दाहिने हाथ में चोट आई है, वहीं उसके दोस्त सागर के सिर, हाथ और आंख के पास गंभीर चोटें पहुंची हैं।

# कानून-व्यवस्था का अहसास कराने सड़कों पर उतरी पुलिस

## डीसीपी के नेतृत्व में निकला पैदल मार्च

**इंदौर।** शहर में आमजन के बीच सुरक्षा का वातावरण निर्मित करने, असामाजिक तत्वों में खौफ पैदा करने और कानून-व्यवस्था के प्रति पुलिस का विश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार फ्लैग मार्च और पैदल मार्च निकाले जा रहे हैं। इसी कड़ी में डीसीपी नरेंद्र रावत के नेतृत्व में थाना सदर बाजार एवं थाना मल्हारगंज क्षेत्र में पुलिस बल द्वारा पैदल मार्च निकाला गया। इस पैदल मार्च में



एडिशनल डीसीपी सुमित केरकेट्टा, एसीपी अशोक जादौन, दोनों थानों के थाना प्रभारी और भारी पुलिस बल शामिल रहा। पुलिस अधिकारियों व जवानों ने क्षेत्र के मुख्य मार्गों, संवेदनशील इलाकों और भीड़भाड़ वाले बाजारों से होकर पैदल मार्च किया।अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय दुकानदारों और आम नागरिकों से संवाद कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। डीसीपी नरेंद्र रावत ने बताया कि पैदल मार्च का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में सुरक्षा और विश्वास की भावना को सुदृढ़ करना है। इसके साथ ही क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग करने वाले और असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया गया है कि कानून का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस की सख्त नजर है।

## चंदन नगर पुलिस का शिकंजा

# तीन वाहनों सहित शातिर चोर गिरफ्तार

## नशे की लत पूरी करने के लिए करता था वाहन चोरी, चेकिंग के दौरान शराब दुकान के पास से दबोचा

**इंदौर।** चंदन नगर पुलिस ने घेराबंदी कर एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से एक लोडिंग वाहन और दो कीमती बाइक जब्त की हैं। बरामद वाहनों की कुल कीमत करीब 6.80 लाख रुपये बताई जा रही है।

थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि 21 अगस्त को लकड़ी मंडी स्थित 'मायका प्लास्टिक वुड कारखाने' से एक महिंद्रा लोडिंग वाहन एमपी-09 झेडवाय 5787 चोरी हुआ था। मुखबिर से सूचना मिली कि संदेही उक्त वाहन को बेचने की नीयत से चंदन नगर वाइन शॉप के पास खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया, जिसकी पहचान राजू उर्फ धारा सिंह पिता भगवान सिंह राठौड़, निवासी सिरपुर के रूप में हुई।थाने लाकर की गई



कड़ाई से पूछताछ में आरोपी ने लोडिंग वाहन के अलावा जवाहर टेकरी नावदापंथ ब्रिज के पास से दो अन्य बाइक चोरी करना भी कबूल किया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर 1.20 लाख रुपये कीमत की यामाहा आर-15 और होंडा शाइन बाइक बरामद की है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी नशे का आदी है और अपनी इसी लत को पूरा करने के लिए वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। चंदन नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ तीन पृथक-पृथक अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल उससे अन्य चोरी व नकबजनी के मामलों के संबंध में भी विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।